www.summerexpress.in

# समर एक्सप्रेस

सूर्योदय सुबह 6:59 बजे
सूर्यास्त शाम 5:26 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-77 • पृष्ठ-8 • मूल्य-1 रूपये • शनिवार 22 नवंबर 2025 • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर

## न्यूज ब्रीफ

### मोदी G20 में शामिल होने द. अफ्रीका गए

**नई दिल्ली**| प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार सुबह तीन दिन की साउथ अफ्रीका यात्रा पर रवाना हुए हैं। वे जोहान्सबर्ग में होने वाले G20 देशों के 20वें शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इस बार की G20 मीटिंग साउथ अफ्रीका की मेजबानी में हो रही है। PM मोदी 21 से 23 नवंबर तक साउथ अफ्रीका में रहेंगे। विदेश मंत्रालय के मुताबिक प्रधानमंत्री तीन मुख्य सेशंस में बोलेंगे। समिट के दौरान PM मोदी कई देशों के नेताओं से अलग-अलग मुलाकात भी करेंगे। इसके अलावा वे इंडिया-ब्राजील-साउथ अफ्रीका देशों की बैठक में भी शामिल होंगे। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने G20 समिट में भाग नहीं ले रहे हैं।

### बांग्लादेश में भूकंप से 6 लोगों की मौत

**ढाका**| बांग्लादेश में शुक्रवार सुबह 10:08 बजे 5.7 तीव्रता का भूकंप आया। इसमें 6 लोगों की मौत हो गई है। जबकि 200 से ज्यादा घायल हुए हैं। भूकंप का केंद्र नरसिंगडी के माधबडी में था, जो ढाका से सिर्फ 25 किलोमीटर दूर है। झटके इतने तेज थे कि इसके असर से एक दस मंजिला इमारत दूसरी तरफ झुक गई। वहीं, बांग्लादेश-आयरलैंड इंटरनेशनल क्रिकेट मैच भी कुछ देर के लिए रोक दी गई। गाजीपुर के श्रीपुर में भूकंप के दौरान भारी हादसा हो गया। घबराहट की वजह से एक बहुमंजिला इमारत से निकलने की कोशिश में भगदड़ मच गई, जिसमें 150 से ज्यादा मजदूर घायल हो गए। दहशत फैल गई जिसकी वजह से लोग घायल हुए।

### नीतीश ने छोड़ा, सम्राट को मिला गृह विभाग

**पटना**| नीतीश मंत्रिमंडल में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। पहली बार नीतीश कुमार ने गृह विभाग छोड़ दिया है। ये विभाग अब बीजेपी के पास चला गया है। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी गृह विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे। इसके साथ ही मंगल पांडेय को स्वास्थ्य विभाग का जिम्मा सौंपा है। पहली बार मंत्री बनीं नेशनल शूटर श्रेयसी सिंह को खेल विभाग दिया गया है। इससे पहले सुबह बीजेपी के मंत्रियों के विभागों की लिस्ट लेकर सम्राट चौधरी सीएम हाउस पहुंचे। दोनों नेताओं के बीच करीब 50 मिनट तक बात हुई। सम्राट ने बीजेपी के मंत्रियों के विभागों की सूची मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सौंपी दी है।

## सिटीजन रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।*

# दुबई एयर शो में डेमो फ्लाइट के दौरान तेजस फाइटर जेट क्रैश

## ▪ हजारों दर्शकों के सामने नियंत्रण खोकर जमीन पर गिरा स्वदेशी तेजस; पायलट की मौत



तेजस अपनी डेमोंस्ट्रेशन फ्लाइट के दौरान अचानक नियंत्रण खोकर सीधा जमीन पर आ गिरा। -समर न्यूज

***▪ पॉइंटर-भारतीय वायुसेना ने कोर्ट ऑफ इनक्वायरी बैठाई***

**समर न्यूज | दुबई नई दिल्ली**

दुबई एयर शो में आखिरी दिन शुक्रवार को उस समय अफरा-तफरी फैल गई, जब भारत का स्वदेशी हल्का लड़ाकू विमान तेजस अपनी डेमोंस्ट्रेशन फ्लाइट के दौरान अचानक नियंत्रण खोकर सीधा जमीन पर आ गिरा। यह हादसा स्थानीय समय के अनुसार दोपहर 2:10 बजे और भारतीय समयानुसार 3:40 बजे हुआ, जब हजारों की संख्या में मौजूद दर्शक तेजस के हवाई करतब देख रहे थे। तेजस ने पहले हवा में तेज़ और सटीक मोड़ लेते हुए प्रदर्शन की शुरुआत की, लेकिन कुछ ही क्षण बाद विमान अचानक नीचे की ओर झुक गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेजस तेजी से जमीन की ओर आया और अल मकतूम इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास जोरदार धमाके के साथ गिरा। टकराते ही विमान में आग लग गई और आसमान में काले धुएँ का ऊँचा गुबार उठ गया, जिससे पूरे एयर शो स्थल पर दहशत फैल गई।

घटना के करीब एक घंटे बाद पायलट की स्थिति को लेकर स्पष्ट हुआ। हादसे में तेजस के पायलट की भी मौत हो गई है। भारतीय वायुसेना ने इसकी पुष्टि की है। शुरुआत में यह स्पष्ट नहीं हो रहा था कि समय रहते पायलट ने इजेक्शन सीट का इस्तेमाल किया या नहीं।

रक्षा सूत्र इस जानकारी की पुष्टि में जुटे हुए थे। हादसे के बाद तुरंत रेस्क्यू टीमों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया और प्रभावित क्षेत्र को खाली कराया।

### भारतीय वायुसेना ने शुरू की जांच

*वायुसेना ने तेजस के क्रैश के बाद कोर्ट ऑफ इनक्वायरी गठित कर दी है, जो दुर्घटना के वास्तविक कारणों की जांच करेगी। यह तेजस के क्रैश होने की दूसरी बड़ी घटना है। इससे पहले 2024 में राजस्थान के पोकरण में युद्धाभ्यास के दौरान इंजन फेल होने की वजह से एक तेजस विमान गिरा था।*

**▪ तेजसः भारत की तकनीकी क्षमता का प्रतीक...**

*हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा विकसित स्वदेशी हल्का लड़ाकू विमान तेजस एक 4.5 पीढ़ी का हल्का लड़ाकू विमान है, जिसे तेज गति, फुर्ती और आधुनिक युद्धक क्षमताओं के लिए डिजाइन किया गया है। यह विमान सुपरसोनिक गति से उड़ान भरने में सक्षम है और इसे भारतीय वायुसेना की नई पीढ़ी की मुख्य ताकत माना जाता है। तेजस की अनुमानित कीमत करीब 600 करोड़ रुपये है।*

**▪ एयर शो रुका, दर्शकों को बाहर निकाला गया...**

*हादसे के बाद कई मिनटों तक एयर शो स्थल पर अफरातफरी का माहौल रहा। चूँकि यह प्रदर्शन दोपहर में था, इसलिए दर्शकों की भीड़ सबसे ज्यादा थी। प्रशासन ने तुरंत एयर शो को रोक दिया और एग्ज़िबिशन एरिया खाली करवाना शुरू कर दिया।*

**▪ दुबई एयर शो का इतिहास...**

*दुबई एयर शो दुनिया का सबसे बड़ा एयरोस्पेस आयोजन है, जिसकी शुरुआत 1989 में हुई थी। इसे हर दो साल पर आयोजित किया जाता है और इस बार 17 से 21 नवंबर 2025 तक इसका आयोजन दुबई वर्ल्ड सेंटर और अल मकतूम एयरपोर्ट पर किया गया। यह लगातार तीसरा वर्ष था जब तेजस ने इस प्रतिष्ठित शो में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।*

**▪ अंतरराष्ट्रीय एयरोस्पेस मंच पर भारत को बड़ा झटका...**

*इस घटना के कारण न केवल एयर शो की सुरक्षा पर प्रश्न खड़े हुए हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत के स्वदेशी विमानन कार्यक्रम के लिए यह एक बड़ा धक्का माना जा रहा है। क्योंकि इस एयर शो में कई खरीदार आए थे, जो तेजस की डील करने में उत्सुक थे।*

# देश में केमिकल अटैक की बड़ी साजिश का पर्दाफाश

## ▪ गुजरात एटीएस ने ISIS मॉड्यूल बेनकाब किया, डॉक्टर समेत तीन आतंकी गिरफ्तार

***▪ राइस नामक केमिकल से देशभर में हमलों की थी योजना***

***▪ संघ कार्यालयों और भीड़भाड़ वाले बाजारों पर हमले का था इरादा***

**समर न्यूज | गुजरात**

गुजरात आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने देश की सुरक्षा से जुड़े एक बड़े खतरे का खुलासा करते हुए आईएसआईएस से जुड़े एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। एटीएस ने एक डॉक्टर समेत तीन संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है, जो पूरे देश में केमिकल अटैक करने की साजिश रच रहे थे। यह कार्रवाई दिल्ली के लाल किले पर 10 नवंबर को हुए घातक विस्फोट से कुछ दिन पहले की गई थी। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में हैदराबाद का डॉक्टर डॉ. अहमद सैयद भी शामिल है, जो हाल ही में चीन से भारत लौटा था। जांच में उसके पास से आईएसकेपी (इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत) के प्रमुख अबू खदीजा से संबंधित डिजिटल साहित्य बरामद हुआ है। जब्त सामग्री में पहचान छिपाने, गुप्त रूप से काम करने और रडार से बचने जैसे निर्देश शामिल थे। इसके अलावा, यूपी के लखीमपुर निवासी सुहैल उर्फ मोहम्मद सोहेल को भी संयुक्त अभियान में पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके घर से आईएसआईएस का झंडा, संदिग्ध साहित्य और तकनीकी उपकरण मिले। पूछताछ में सामने आया कि ये लोग 'RICE' नामक घातक केमिकल का इस्तेमाल कर देशभर के बड़े शहरों में ज़हरीले हमले करने की तैयारी कर रहे थे। एटीएस के अधिकारियों के अनुसार, यह मॉड्यूल न केवल बम धमाकों की योजना बना रहा था, बल्कि अहमदाबाद के व्यस्त बाजारों में केमिकल अटैक करने की भी व्यापक साजिश रच रहा था। सभी संदिग्धों को साबरमती जेल में रखा गया है, जहाँ उनसे अन्य योजनाबद्ध हमलों के बारे में लगातार पूछताछ हो रही है।

***हमास जैसे हमलों की साजिश रच रहा था जैश...*** *फरीदाबाद। दिल्ली ब्लास्ट की जांच में सुरक्षा एजेंसियों ने बड़ा खुलासा किया हैं। जैश-ए-मोहम्मद का आतंकी मॉड्यूल कश्मीर के अस्पतालों को हथियारों का ठिकाना बनाने की कोशिश कर रहा था। यह तरीका हमास की रणनीति से मिलता-जुलता है, जो नागरिक इलाकों और अस्पतालों को हथियारों के ठिकाने के रूप में इस्तेमाल करता है। दरअसल जैश के आतंकियों ने भी सुरक्षा एजेंसियों की नजर से बचने के लिए अस्पतालों को चुना है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व डीजीपी एसपी वेद ने बताया कि आतंकी 1990 में अस्पतालों का हथियारों के ठिकाने के रूप में इस्तेमाल करते थे। जिसके बाद आर्मी और पुलिस ने इसे पूरा क्लीन किया था।*

# नौगाम थाने में विस्फोटक फटने के सुरक्षा मानकों पर उठे सवाल

## ▪ अमोनियम नाइट्रेट के गलत भंडारण और सैंपलिंग प्रक्रिया पर सुरक्षा विशेषज्ञों, नेताओं ने प्रतिक्रिया दी

**समर न्यूज | श्रीनगर**

श्रीनगर के नौगाम पुलिस स्टेशन में सैंपलिंग के दौरान हुए विनाशकारी विस्फोट के बाद सुरक्षा विशेषज्ञों और राजनीतिक दलों ने घनी आबादी वाले क्षेत्र में भारी मात्रा में विस्फोटक रखने पर गंभीर आपत्ति जताई है। इस हादसे में नौ लोगों ने जान गंवा दी, जबकि 32 से अधिक लोग घायल हुए। जम्मू-कश्मीर के पूर्व पुलिस महानिदेशक एस. पी. वैद ने चेतावनी दी कि किसी भी स्थिति में विस्फोटक सामग्री को रिहायशी इलाक़ों में नहीं रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा,"नियमों के अनुसार विस्फोटकों को सुरक्षित, अलग-थलग और आबादी से दूर रखा जाता है। यहाँ क्या दिशा-निर्देशों का पालन हुआ या नहीं, इसकी जाँच ज़रूरी है।" पुलिस स्टेशन में रखा गया अमोनियम नाइट्रेट अत्यधिक संवेदनशील माना जाता है और थोड़ी सी चिंगारी, नमी या घर्षण से भी विस्फोट होने की संभावना रहती है। वैद के अनुसार,"इसे सील करते समय माचिस जलाने तक से धमाका हो सकता है। यह बेहद नाजुक पदार्थ है।" सूत्रों के मुताबिक, एक अंतर-राज्यीय व्हाइट-कॉलर आतंकी गिरोह का पर्दाफाश होने के बाद ज़ब्त किया गया करीब 2,900 किलोग्राम अमोनियम नाइट्रेट उसी थाने में रखा गया था, जहाँ पूरा मामला दर्ज हुआ था। शनिवार शाम सैंपलिंग के दौरान अचानक हुआ जोरदार धमाका पूरे क्षेत्र में दहशत का कारण बना।

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि व्यापक जाँच जारी है।"हम उम्मीद करते हैं कि इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक को यहाँ कैसे लाया गया, किन परिस्थितियों में रखा गया और इसे किस तरीके से संभाला जा रहा था—सबके स्पष्ट जवाब सामने आएंगे।" पीडीपी नेता इल्तिजा मुफ़्ती ने चार दिनों तक विस्फोटक को घने इलाक़े में रखने पर सवाल उठाए। उन्होंने इसे पुलिस की "गंभीर लापरवाही" करार देते हुए कहा, "इतना संवेदनशील पदार्थ भीड़भाड़ वाले इलाके के पुलिस स्टेशन में क्यों रखा गया? इसकी निष्पक्ष जाँच होनी चाहिए।" नेशनल कॉन्फ्रेंस के सांसद रुहुल्लाह मेहदी ने इस घटना को "बड़ी प्रशासनिक विफलता" बताया और कहा कि "अत्यधिक संवेदनशील विस्फोटक को इतनी अव्यवसायिकता से हैंडल करना गहन जाँच का विषय है। बीजेपी नेता रविंद्र रैना ने भी व्यापक और निष्पक्ष जाँच की माँग की है।

# SIR प्रक्रिया देशहित में, एक-एक घुसपैठिया हटेगा: गृह मंत्री शाह

## ▪ विपक्ष पर प्रक्रिया कमजोर करने का आरोप लगाया




अमित शाह ने बीएसएफ के 61वें स्थापना दिवस समारोह सलामी ली। -समर न्यूज

**समर न्यूज | भुज**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मतदाता सूची के विशेष और व्यापक पुनरीक्षण SIR प्रक्रिया को देश की सुरक्षा और लोकतंत्र की मजबूती के लिए बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए इसका खुलकर समर्थन किया है। गुजरात के भुज के हरिपुर में बीएसएफ के 61वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि सरकार हर उस व्यक्ति को मतदाता सूची से हटाएगी, जो अवैध रूप से देश में घुसा है। उन्होंने कठोर शब्दों में कहा कि हम इस देश में एक भी घुसपैठिए को नहीं छोड़ेंगे, चुन-चुन कर बाहर निकालेंगे। यह हमारा संकल्प है। बिना किसी राजनीतिक दल का नाम लिए, शाह ने विपक्षी पार्टियों पर आरोप लगाया कि वे घुसपैठियों के सफाए और मतदाता सूची के शुद्धिकरण के खिलाफ माहौल बना रही हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि देश का जनादेश स्पष्ट है, बिहार चुनाव इसका उदाहरण है, जहां मतदाताओं ने एनडीए को खुलकर समर्थन दिया। शाह ने कहा कि SIR प्रक्रिया लोकतंत्र और राष्ट्र की सुरक्षा को सुदृढ़ करने वाला कदम है और जनता को चुनाव आयोग के इस प्रयास का पूर्ण सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं देश के नागरिकों से अपील करता हूँ कि वे SIR प्रक्रिया में चुनाव आयोग का साथ दें।

जो दल घुसपैठियों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं, उन्हें समझ लेना चाहिए कि बिहार चुनाव देश की सोच को साफ दिखाता है। अपने संबोधन में अमित शाह ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दिखाई गई भारतीय सेना और बीएसएफ की वीरता की भी जमकर सराहना की।

उन्होंने कहा कि हमारी सेनाओं की मजबूत कार्रवाई के चलते पाकिस्तान को कुछ ही दिनों में एकतरफा युद्धविराम की घोषणा करनी पड़ी। यह दुनिया के लिए स्पष्ट संदेश है कि भारत की सीमाओं और सुरक्षा बलों के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता। शाह ने बीएसएफ को दुनिया का सबसे बड़ा सीमा सुरक्षा बल बताते हुए कहा कि इसके 2.7 लाख से अधिक जवान छह दशकों से देश की सीमाओं की सुरक्षा में लगातार जुटे हुए हैं।

# फातिमा बोश बनीं मिस यूनिवर्स, भारत की मनिका टॉप-30 में

## विवाद, संघर्ष और आत्मविश्वास की दो कहानियां रहीं ग्लोबल मंच की पहचान




**थाईलैंड**| थाईलैंड में आयोजित 74वीं मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले में मेक्सिको की फातिमा बोश ने मिस यूनिवर्स 2025 का ताज अपने नाम कर इतिहास रच दिया। उन्हें यह ताज मिस यूनिवर्स 2024 विक्टोरिया थेलविग ने पहनाया। भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली मनिका विश्वकर्मा बेहतरीन प्रदर्शन के साथ टॉप-30 तक पहुंचीं। फाइनल से पहले 4 नवंबर को प्रतियोगिता विवादों में घिर गई, जब मिस यूनिवर्स थाईलैंड के डायरेक्टर नवात इत्साराग्रिसिल ने फातिमा बोश को 'डम्बहेड' कह दिया। आरोप था कि उन्होंने सोशल मीडिया पर जरूरी प्रमोशनल पोस्ट साझा नहीं किए। इसके विरोध में फातिमा समेत कई देशों की प्रतियोगियों ने इवेंट छोड़ दिया था। मामला बढ़ने पर नवात को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी पड़ी और मिस यूनिवर्स ऑर्गेनाइजेशन ने उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी जारी की। **▪ डिस्लेक्सिया और ADHD से जूझकर बनीं 'ग्लोबल क्वीन'...** बचपन से डिस्लेक्सिया और ADHD जैसी न्यूरोलॉजिकल चुनौतियों से जूझने वाली फातिमा बोश ने अपने संघर्ष को प्रेरणा में बदला। स्कूल दिनों में बुलिंग का सामना करने के बावजूद उन्होंने खुद को मजबूत बनाया और आज ग्लोबल मंच पर अपनी पहचान स्थापित की। सितंबर 2025 में मिस मेक्सिको का ताज जीतते समय भी उनके खिलाफ लाइव ऑडियंस ने विरोध किया था, लेकिन फातिमा ने उस मौके पर भी विनम्रता दिखाई। उन्होंने कहा-"सच्ची सिस्टरहुड बातें नहीं, व्यवहार से साबित होती है। उस वक्त सिर्फ चार प्रतियोगियों ने मुझे गले लगाया-वही मेरे लिए असली क्वीन हैं।"

**पेज 1 एंकर स्टोरी** गवर्नर बोले- आरबीआई सुरक्षा उपायों को कायम रखते हुए नियमन को सरल बना रहा

# RBI रुपये का लक्ष्य तय नहीं करता, गिरावट की वजह डॉलर डिमांड

**एजेंसी | नई दिल्ली**

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने स्पष्ट किया कि केंद्रीय बैंक रुपये के लिए किसी भी मूल्य-स्तर का लक्ष्य निर्धारित नहीं करता। हाल के दिनों में रुपये की कमजोरी अमेरिकी डॉलर की बढ़ी मांग का नतीजा है, न कि किसी नीति-निर्धारण से जुड़ी बात। मल्होत्रा के मुताबिक आरबीआई के पास विदेशी मुद्रा का पर्याप्त और मजबूत भंडार मौजूद है, इसलिए बाहरी क्षेत्र के दबाव को लेकर चिंता की कोई जरूरत नहीं है।



संजय मल्होत्रा

### • रुपये में कमजोरी बाजार की मांग- आपूर्ति का परिणाम

*एक कार्यक्रम के दौरान गवर्नर ने कहा कि हम रुपये के लिए कोई निश्चित स्तर तय नहीं करते। यह एक वित्तीय साधन है, डॉलर की मांग बढ़ेगी तो रुपये पर दबाव आएगा, और रुपये की मांग बढ़ेगी तो घरेलू मुद्रा मजबूत होगी। उन्होंने बताया कि मौजूदा अवमूल्यन मुख्य रूप से व्यापार गतिविधियों, शुल्क से जुड़े मुद्दों और अमेरिकी डॉलर की बढ़ती मांग का प्रभाव है।*

**▪ नियमों को सरल बनाने पर आरबीआई का ध्यान...**

*रुपये में उतार-चढ़ाव को लेकर सवालों के जवाब में गवर्नर ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारत और अमेरिका के बीच जल्द ही एक मजबूत व्यापारिक समझौता होगा। यह समझौता भारत के चालू खाते के घाटे पर बने दबाव को कम करने में मदद कर सकता है। गवर्नर मल्होत्रा ने यह भी कहा कि आरबीआई का सबसे बड़ा लक्ष्य वित्तीय स्थिरता बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंक जहां संभव हो, आवश्यक सुरक्षा उपायों को बरकरार रखते हुए नियमन को सरल बनाने के पक्ष में है।*

**▪ डॉलर की मजबूती ने बढ़ाया रुपये पर दबाव...**

*अमेरिकी फेडरल रिज़र्व द्वारा निकट भविष्य में ब्याज दरों में कटौती की संभावना कम होने से डॉलर मजबूत हुआ है। फॉरेक्स कारोबारियों के अनुसार डॉलर इंडेक्स 100 के पार पहुंचा, इससे उभरते बाजारों की मुद्राओं पर दबाव पड़ा। इसी वजह से शुक्रवार 21 नवंबर को शुरुआती कारोबार में रुपये ने शुरुआती नुकसान कम किया और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 5 पैसे की मामूली रिकवरी के साथ 88.63 पर ट्रेड कर रहा था। ऐसा विदेशों में कच्चे तेल की कम कीमतों और घरेलू स्टॉक में विदेशी पूंजी के आने से हुआ। हालांकि, फॉरेक्स ट्रेडर्स ने कहा कि मजबूत डॉलर और घरेलू इक्विटी मार्केट से मिले नेगेटिव संकेतों की वजह से लोकल करेंसी पर दबाव बना रहा। फेड की हालिया बैठक के मिनिट्स में संकेत मिला है कि अभी ब्याज दरों में ढील की संभावनाएं कम हैं, जिसके चलते डॉलर में तेजी देखी जा रही है। बैंकिंग सेक्टर को लेकर गवर्नर मल्होत्रा ने भरोसा जताया कि भारतीय बैंकिंग प्रणाली का प्रदर्शन बेहद मजबूत है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भारत के कुछ बैंक टॉप 100 ग्लोबल बैंकों की सूची में शुमार हो सकते हैं।*

# 140 MLA मेरे, सभी मंत्री बनने के काबिलः डीके

## ▪ कर्नाटक में सीएम पद को लेकर अटकलों के बीच कांग्रेस में हलचल

**समर न्यूज | नई दिल्ली**

कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद को लेकर चल रही सियासी हलचल एक बार फिर तेज हो गई है। विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस के भीतर नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने बड़ा बयान देकर राजनीतिक तापमान और बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 140 विधायक उनके हैं और सभी मंत्री पद के योग्य हैं। शिवकुमार ने कहा कि समूहबाज़ी करना उनके स्वभाव में नहीं है, लेकिन यह स्वाभाविक है कि विधायक मंत्री बनने की इच्छा से दिल्ली जाकर वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं।



डीके शिव कुमार

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कैबिनेट फेरबदल पर विचार किया है, इसी कारण कई विधायक खुलकर अपनी दावेदारी जता रहे हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि "मैं किसी को लेकर नहीं गया। कुछ विधायक स्वेच्छा से खड़गे साहब और मुख्यमंत्री से मिले हैं। यह उनका अधिकार है। वे अपनी उपस्थिति दर्ज कराना चाहते हैं और जिम्मेदारी की मांग कर रहे हैं।" शिवकुमार ने यह भी कहा कि सभी 140 विधायक मंत्री या मुख्यमंत्री बनने की क्षमता रखते हैं, लेकिन उन्होंने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के प्रति समर्थन जताते हुए कहा—"सीएम ने कहा है कि वह अपना 5 साल का कार्यकाल पूरा करेंगे, मैं उन्हें शुभकामनाएँ देता हूँ और हम सब मिलकर काम करेंगे।" उधर, कांग्रेस के विधायक टीडी राजेगौड़ा ने भी कहा कि नेतृत्व से जुड़ा अंतिम निर्णय हाईकमान, सिद्धारमैया और शिवकुमार को लेना होगा। उन्होंने बताया कि दिल्ली में अपनी बैठक में उन्होंने सड़क और क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर चर्चा की।इस बीच, कांग्रेस के शीर्ष सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से नेतृत्व विवाद और इससे सरकार की छवि पर पड़ रहे असर पर चर्चा की है। खड़गे ने मुख्यमंत्री को आश्वासन दिया कि वे स्थिति का आकलन करेंगे और समाधान तलाशेंगे। दोनों की अगले दिन मैसूर में भी मुलाकात प्रस्तावित है। वहीं, शिवकुमार समर्थक कई विधायक—जिनमें गुब्बी के श्रीनिवास, श्रृंगेरी के टीडी राजेगौड़ा, कुनिगल के एचडी रंगनाथ, आदि शामिल हैं—इन दिनों दिल्ली में मौजूद हैं और गुरुवार रात खड़गे से मुलाकात कर चुके हैं।

# होटल में नशा देकर संबंध बनाने और वीडियो से ब्लैकमेल करने का आरोप

## नौकरी से इस्तीफा देने पर कार डीलर मालिक ने किया केस, महिला की शिकायत पर दुष्कर्म का केस हुआ दर्ज

**समर न्यूज | अमृतसर**

शहर की एक 45 वर्षीय महिला, जो करीब दो दशक से एक नामी कार डीलरशिप में कार्यरत रही है, ने अपने ही मालिक पर नशा देकर दुष्कर्म करने, अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने, आर्थिक शोषण करने और नौकरी छोड़ने से रोकने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला की शिकायत पर थाना महिला, अमृतसर में आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।

पुलिस के अनुसार, पीड़िता अमृतसर की रहने वाली है और वर्ष 2002 से 'नॉवल्टी हुंडई' नामक कंपनी में काम कर रही थी। उसने बताया कि कंपनी की अमृतसर में अलग–अलग शाखाओं में काम करने के बाद वह साल 2022 से 10 जून 2025 तक जी.टी. रोड स्थित नॉवल्टी हुंडई में बतौर जनरल मैनेजर तैनात थी।

महिला का आरोप है कि 13 जून 2023 को जी.टी. रोड, अमृतसर स्थित हयात होटल में कंपनी की मीटिंग थी। मीटिंग समाप्त होने के बाद सभी कर्मचारी वहां से चले गए, तभी कंपनी के मालिक लवतेश सिंह सचदेव ने उसे आवाज देकर बुलाया और कहा कि उसके कमरे नंबर 1506 में लैपटॉप वाला बैग रह गया है, जिसे वह लेकर आ जाए।

महिला के मुताबिक, वह कमरे में गई तो उसके तुरंत बाद लवतेश सिंह भी वहां पहुंच गया, कमरे को लॉक कर लिया और पीछे से आकर उसे गले लगा लिया। जब उसने विरोध किया और कहा कि वह कार्यालय जाकर यह बात उठाएगी और पुलिस में शिकायत भी कर सकती है, तो आरोपी ने बात को दबाने की कोशिश की।

शिकायत में महिला ने कहा कि आरोपी ने उसे शांत करने के लिए अपने लैपटॉप बैग से पानी की छोटी बोतल निकाली, ढक्कन खोलकर उसे पानी पीने के लिए दिया। पानी पीने के बाद थोड़ी देर तक वे बातचीत करते रहे, लेकिन कुछ ही समय बाद उसे चक्कर जैसा महसूस होने लगा और वह बेसुध हो गई। होश में आने पर उसने खुद को कमरे में पाया और देखा कि लवतेश सिंह उसकी उतरी हुई पैंट दोबारा पहनाने की कोशिश कर रहा है। आरोप है कि विरोध करने




पर आरोपी ने धमकी दी कि उसने उसकी अश्लील वीडियो बना ली है और यदि उसने कहीं शिकायत की तो वह वीडियो वायरल कर देगा। अपनी और परिवार की इज्जत के डर से महिला ने उस समय यह बात किसी से साझा नहीं की।

पीड़िता के अनुसार, इसके बाद लवतेश सिंह ने उसी कथित वीडियो का डर दिखाकर उसे बार–बार अमृतसर, चंडीगढ़ के हयात सेंट्रिक होटल (सेक्टर-17) और लुधियाना स्थित हयात होटल में बुलाया और उसकी मर्जी के ख़िलाफ़ शारीरिक संबंध बनाता रहा। महिला ने आरोप लगाया कि इसी दौरान कंपनी के फायदे के लिए उसके नाम से "सविता शर्मा कॉन्ट्रैक्टर" के नाम से अकाउंट खुलवाकर बैंक खाते और नेट बैंकिंग के माध्यम से टैक्स चोरी करने के लिए भी उसका इस्तेमाल किया गया।

शिकायत के अनुसार, सितंबर 2024 में भी आरोपी के दबाव में वह बस से चंडीगढ़ के हयात सेंट्रिक होटल गई, जहां पहले से कमरा बुक था और वहां भी उसके साथ शारीरिक शोषण किया गया। लगातार शारीरिक, मानसिक और आर्थिक शोषण से तंग आकर पीड़िता ने नौकरी छोड़ने का फैसला कर लिया।

महिला का आरोप है कि जब आरोपी को यह बात पता चली, तो उसने मार्च 2025 में उसे महिंद्रा वर्ल्डवाइड, जी.टी. रोड, अमृतसर में नौकरी पर जाने से रोक दिया और धमकी दी कि यदि उसने उसकी अनुमति के बिना कहीं और नौकरी की, तो वह उसकी कथित अश्लील वीडियो वायरल कर देगा।

डर की वजह से उसने दूसरी जगह नौकरी करने का इरादा छोड़ दिया, लेकिन बाद में उसे साफ–साफ कह दिया कि वह अब उसकी नौकरी छोड़ना चाहती है।

शिकायत के अनुसार, इसके बाद आरोपी ने उसे आखिरी बार 6 अप्रैल 2025 को चंडीगढ़ के हयात सेंट्रिक होटल बुलाया, जहां रात भर होटल में रुकने के दौरान भी उसकी मर्जी के खिलाफ शारीरिक संबंध बनाए गए।

महिला का कहना है कि उसने उसी रात आरोपी से स्पष्ट कह दिया कि वह 30 मई 2025 तक ही उसके पास नौकरी करेगी और उसके बाद यदि वह वीडियो वायरल करना चाहता है तो उसकी मर्जी, क्योंकि वह अब उसके शोषण से पूरी तरह तंग आ चुकी है।

पीड़िता ने बताया कि 1 जून 2025 को उसने कंपनी का लैपटॉप और सिम कार्ड लौटाकर घर वापिस आ गई। उसी दिन आरोपी का फोन आया और उसने धमकी दी कि यदि वह नौकरी पर वापस नहीं आएगी तो वीडियो वायरल कर देगा। डर के चलते वह अगले दिन फिर से दफ्तर जाने लगी। बाद में 10 जून 2025 को उसने दोबारा कंपनी का लैपटॉप और सिम वापस करके घर आना शुरू कर दिया।

महिला का आरोप है कि इसके बाद लवतेश सिंह ने उसे फोन पर धमकाया कि उसे उसके साथ रिश्ता बनाए रखना ही पड़ेगा, नहीं तो वह खुद अपने लिए "खड्डा खोद रही है"। जब उसने साफ मना कर दिया तो आरोपी ने उसके खिलाफ थाना मकबूलपुरा, अमृतसर में धारा 420, 408, 465, 467, 468, 471, 120-बी के तहत केस दर्ज करवा दिया। पीड़िता के अनुसार, इस मामले में वह गिरफ्तार भी हो चुकी है और फिलहाल जमानत पर है।

महिला ने बताया कि वह पहले भी आरोपी के खिलाफ शिकायत दे चुकी है। अब वह अपने पति के साथ लोहगढ़ चौंक, अमृतसर में पुलिस टीम के सामने पेश हुई और अपना विस्तृत बयान दर्ज करवाया। इंस्पेक्टर हरविंदर कौर, प्रभारी थाना महिला, अमृतसर के मुताबिक, पीड़िता के बयानों के आधार पर मामला दुष्कर्म (धारा 376 भा.दं. सं.) सहित संबंधित धाराओं के तहत बनता पाया गया, जिस पर FIR दर्ज कर ली गई है।

थाना महिला, अमृतसर की पुलिस ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर विशेष रिपोर्टें इलाकाई मजिस्ट्रेट और वरिष्ठ अधिकारियों को भेज दी गई हैं और अब पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपों की गंभीरता के मद्देनज़र सभी तथ्यों की तहकीकात की जाएगी और जांच के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# पंजाब एडवोकेट जनरल मनिंदरजीत सिंह बेदी सीनियर एडवोकेट के रूप में नामजद

**समर न्यूज | चंडीगढ़**

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने आज एडवोकेट जनरल मनिंदरजीत सिंह बेदी को सीनियर एडवोकेट के रूप में नामजद किया गया है। इस संबंध में अदालत की आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, एडवोकेट एक्ट 1961 की धारा 16(2) के तहत अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए, अधिसूचना जारी होने की तारीख से श्री बेदी को इस पद पर नामजद किया गया है।

एडवोकेट जनरल बेदी बठिंडा जिले के फूल शहर से संबंध रखते हैं। उन्होंने वर्ष 2005 में पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला से कानून में स्नातक की डिग्री प्राप्त की और अपने चाचा के मार्गदर्शन में रामपुरा फूल में प्रैक्टिस शुरू करते हुए कानूनी क्षेत्र में अपना सफर आरंभ किया।

वर्ष 2009 में वे चंडीगढ़ आ गए और संवैधानिक, दीवानी, फौजदारी, सेवा, राजस्व तथा कॉर्पोरेट मामलों में प्रैक्टिस शुरू की। उनके कार्यकाल में पी.एस.पी.सी.एल., पी.टी.यू., यू.एल.बी. तथा पनग्रेन



एडवोकेट जनरल मनिंदरजीत सिंह बेदी

जैसी प्रमुख राज्य संस्थाओं के लिए पैनल वकील के रूप में सेवाएं देना शामिल रहा है।

उन्होंने जुलाई 2023 से मार्च 2025 तक पंजाब के अतिरिक्त एडवोकेट जनरल के रूप में सेवा निभाते हुए उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय में प्रदेश की ओर से पक्ष रखा। इसी वर्ष मार्च, 2025 में उन्होंने पंजाब के एडवोकेट जनरल का पदभार संभाला था।

# अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने हथियारबंद लूट के दो वांटेड आरोपियों को दबोचा

## ऑस्ट्रिया-निर्मित ग्लॉक पिस्टल बरामद, विदेशी गैंगस्टर से संबंध का खुलासा

**समर न्यूज | अमृतसर**

अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने हथियारबंद लूट के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बरामदगी के दौरान हुई पुलिस मुठभेड़ में एक आरोपी के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। पुलिस ने मौके से अपराध में इस्तेमाल की गई ऑस्ट्रिया-निर्मित 9 एमएम ग्लॉक पिस्टल बरामद की है। 14 नवंबर को थाना मकबूलपुरा क्षेत्र में एक महिला से हथियार के बल पर लूट की घटना हुई थी, जिसके संबंध में एफआईआर नंबर 258 दर्ज की गई थी। तेजी से कार्रवाई करते हुए, पुलिस ने जसकीरत सिंह उर्फ साहिल और अनमोल बूटा सिंह, दोनों अमृतसर निवासी, को गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया कि अनमोल घटना के समय बाइक चला रहा था जबकि जसकीरत ने लूट के दौरान पिस्टल का इस्तेमाल किया था। बरामदगी के दौरान जसकीरत



मामले की जानकारी देते पुलिस अधिकारी। - समर न्यूज

ने बताया कि उसने पिस्टल छिपाई थी और उसे बरामद कराने को तैयार है। जब पुलिस उसे लेकर मौके पर पहुंची, तो उसने अचानक भागने की कोशिश की और पिस्टल निकालकर इंस्पेक्टर जसजीत सिंह सहित पुलिस टीम पर गोली चला दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी फायर किया जिससे उसके पैर में गोली लगी। घायल आरोपी को तुरंत अस्पताल भेजा गया। इस घटना को लेकर नया मामला एफआईआर नंबर 149 थाना मोहकमपुरा में दर्ज किया गया। जांच में यह भी सामने आया कि दोनों आरोपी पहले ततारन में एक इमीग्रेशन ऑफिस के बाहर गोली चलाने के मामले में भी वांछित थे इसके अलावा थाना लोके क्षेत्र में हुए एक फायरिंग केस में भी उनके खिलाफ मामले दर्ज हैं। दोनों पर विदेशी गैंगस्टर गुरदेव जेसल के निर्देश पर अपराध करने का आरोप है।

# पंजाब पुलिस ने 1 किलो हेरोइन सहित 69 नशा तस्करों को पकड़ा

**समर न्यूज | चंडीगढ़**

प्रदेश से नशों का पूरी तरह खात्मा करने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर चलाए जा रहे " युद्ध नशों विरुद्ध" के 265वें दिन पंजाब पुलिस ने आज 314 स्थानों पर छापेमारी की। इन छापों के बाद राज्यभर में 54 एफआईआर दर्ज कर 69 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया।

इसके साथ ही 265 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या बढ़कर 37,470 हो गई है। इन छापों के दौरान पकड़े गए नशा तस्करों के कब्जे से 1.03 किलोग्राम हेरोइन और 765 नशीली गोलियाँ बरामद की गईं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस आयुक्तों, उपायुक्तों और एसएसपीज को पंजाब को नशामुक्त राज्य बनाने के निर्देश दिए हैं। पंजाब सरकार ने नशों के विरुद्ध इस लड़ाई की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी भी गठित की है।

# जालंधर में महिला कॉन्स्टेबल को कार ने टक्कर मारी

## बेटी को स्कूटी पर स्कूल से लेकर आ रही थी, टांग-बाजू में फ्रेक्चर

**समर न्यूज | जालंधर**

जालंधर के चौगिट्टी में GRP की महिला कॉन्स्टेबल को मारुती शोरूम की गाड़ी ने टक्कर मार दी। स्कूटी सवार महिला अपनी 9 साल की बच्ची को स्कूल से लेकर आ रही थी। इस बीच जैसे ही चौगिट्टी फ्लाइओवर के पास पहुंची तो अचानक रोड पर चलती कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी।

हादसे के बाद महिला और बच्ची वहीं रोड पर गिर गए। राहगीरों की मदद से महिला के परिजनों को सूचित कर अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों का कहना है कि महिला के हाथ की एक उंगली, टांग और बाजू में फ्रेक्चर आया है। महिला की पहचान रेखा के रूप में हुई है। महिला के पति ने हादसे की शिकायत थाना रामामंडी में दी है। उसने बताया कि कार ड्राइवर ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसे पहचान कर पकड़ लिया। दोनों पक्षों ने पुलिस को अपने बयान दर्ज करवा दिए हैं। महिला के भाई कुलविंदर सिंह ने



घायल महिला कांस्टेबल।

बताया कि हादसे के बाद मारुती शोरूम करतारपुर के कर्मचारी मालिकों को फोन करते रहे, लेकिन उन्होंने कोई भी सही जवाब नहीं दिया। शाम तक हमें कहा कि हमारी तो गाड़ियां रोज रोड पर चलती हैं, अगर हम ऐसे क्लेम देने लगे तो खाली हो जाएंगे। आपने जो करना है कर लो। इसके बाद उन्होंने थाने में कंप्लेंट दी है।

मेरी बहन रेखा अकेली घर में कमाने वाली है। वह भांजी को लेकर लौट रही थी तभी मारुती शोरूम करतारपुर की गाड़ी ने ओवरटेक करते हुए हिट कर दिया। अब ये हमें परेशान कर रहे हैं। मालिक बात नहीं कर रहे हैं। हमारी बहन को गंभीर चोटें लगी हैं। उसे तो इन्होंने 6 महीने के लिए बेड पर लेटा दिया। महिला कॉन्स्टेबल रेखा के पति परमजीत ने बताया कि जब हादसा हुआ तो वह कहीं दूर थे। उसे बेटी ने फोन किया कि इस तरह से हमारी स्कूटी को गाड़ी वाले ने टक्कर मार दी है। मम्मा को काफी चोटें लगी हैं। इसके बाद मैंने अपने ससुराल वालों को फोन किया। इस पर रेखा का भाई मौके पर पहुंची और इनको अस्पताल पहुंचाया।

परमजीत ने कहा कि मेरी बच्ची अभी 9 साल की है। हादसे के बाद से वह अभी तक सहमी हुई है। पत्नी की उंगली, टांग और बाजू फ्रेक्चर हो गई है। पत्नी की बहादुरी है कि उसने बच्ची को बचा लिया और हाईवे की तरफ नहीं गिरने दिया। अगर बच्ची रोड पर गिरती तो कुछ भी हो सकता था।

परमजीत ने आरोप लगाया कि गाड़ी का न तो इंश्योरेंस है और न ही ड्राइवर मौके पर लाइसेंस दिखा पाया। लाइसेंस उसने फोन में ही दिखाया है। हमारी मांग है कि जिस मारुती शोरूम की गाड़ी है, वह स्कूटी के नुकसान सहित इलाज का खर्च उठाए।

थाना सूर्य एनक्लेव के इन्वेस्टिगेशन अफसर बलकरन सिंह ने बताया कि दोनों पार्टियों के बयान दर्ज कर लिए हैं। जिस कार ने स्कूटी को हिट किया है, उसे जब्त कर थाने में खड़ा करवा दिया है। गाड़ी मारुती शोरूम करतारपुर की है। ये एडवर्टीजमेंट गाड़ी है। स्कटी सवार महिला के परिवार इलाज खर्च सहित स्कूटी के नुकसान की भरपाई की मांग कर रहे हैं। अभी मारुती शोरूम वालों को भी बुलाया गया है। फिलहाल शिकायत ले ली गई है। मारुती शोरूम संचालक नुकसान की भरवाई नहीं करते तो गाड़ी को बाउंड कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अखिल भारतीय सिख स्टूडेंट्स फेडरेशन में वर्षों के बाद हुई एकता

## भाई कंवर चढ़त सिंह बने नए प्रधान, 14 दिसंबर को श्री अकाल तख्त साहिब में होगी अरदास

**समर न्यूज | चंडीगढ़**

सिख धर्म के महान बलिदानी गुरु तेग बहादुर साहिब जी की शहादत के 350वें शताब्दी वर्ष के अवसर पर अखिल भारतीय सिख स्टूडेंट्स फेडरेशन में वर्षों बाद एकता स्थापित हुई। इस मौके पर फेडरेशन के वरिष्ठ नेताओं ने भाई कंवर चढ़त सिंह को संयुक्त रूप से संगठन का प्रधान घोषित किया। पूर्व प्रधान और वरिष्ठ अकाली नेता सरदार कर्नैल सिंह पीर मोहम्मद ने यह घोषणा की। उन्होंने बताया कि फेडरेशन अब पुनः संगठित होकर स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में युवाओं को संगठित करेगी। आने वाले 14 दिसंबर को श्री अकाल तख्त साहिब के



कार्यक्रम में उपस्थित ओहदेदार।-समर न्यूज

समक्ष अरदास कर धर्म परिवर्तन के खिलाफ शांतिपूर्ण संघर्ष की शुरुआत की जाएगी। संगठन में एकता और नई जिम्मेदारियांकर्नैल सिंह पीर मोहम्मद ने कहा कि संगठन के भीतर एकता समय की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि एडवोकेट परविंदर सिंह ढींगरा के निधन के बाद नये प्रधान का चयन नहीं हुआ था, परंतु अब दस सदस्यीय सुप्रीम काउंसिल की बैठक के बाद भाई कंवर चढ़त सिंह को सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया है।उन्होंने कहा कि सिख स्टूडेंट्स फेडरेशन ने सदैव पंथ और समाज की भलाई के लिए त्याग और योगदान दिया है। किसान आंदोलन, पंजाब में आई बाढ़ और यूनिवर्सिटी आंदोलनों में भी संगठन की सक्रिय भूमिका रही है। सलाहकार परिषद और मेंबरफेडरेशन के नये संरक्षक के रूप में पूर्व प्रधान भाई मनजीत सिंह और सरदार कर्नैल सिंह पीर मोहम्मद को नियुक्त किया गया है ताकि संगठन को उनके अनुभव का लाभ मिल सके। इसके साथ ही 21 सदस्यीय सुप्रीम एडवाइजरी काउंसिल का गठन किया गया है। इसमें कनवालजीत सिंह बिट्टा, जगरूप सिंह चीमा, डॉ. करज सिंह, बलबीर सिंह फुगलाना, गगनदीप सिंह और कई अन्य शामिल हैं। नशा, गैंगस्टरवाद और धर्म परिवर्तन पर चिंताभाई कंवर चढ़त सिंह ने पंजाब में तेजी से फैल रहे गैंगस्टरवाद और नशे की बढ़ती समस्या पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इन सामाजिक बुराइयों को खत्म करने के लिए फेडरेशन देश और विदेश में अपने यूनिट्स को पुनः सक्रिय करेगी। साथ ही धर्म परिवर्तन के लिए आर्थिक लालच दी जाने वाली गतिविधियों के खिलाफ फेडरेशन शांतिपूर्ण संघर्ष शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि पंजाब की गिरती शिक्षा व्यवस्था को सुधारना संगठन की प्राथमिकता होगी ताकि युवाओं का भविष्य पंजाब की धरती पर ही सुरक्षित और उज्जवल बनाया जा सके।

# रिश्वत की दूसरी किस्त 25 हजार लेता पटवारी काबू

**समर न्यूज | चंडीगढ़**

भ्रष्टाचार के विरुद्ध चल रहे अभियान के तहत, पंजाब विजीलेंस ब्यूरो ने आज सर्कल गोलवर्ड, गाँव बाला चक्क, ज़िला तरनतारन में तैनात पटवारी सरबजीत सिंह को गिरफ्तार किया है।

उसे शिकायतकर्ता, जो ज़िला अमृतसर का निवासी है, से रिश्वत की दूसरी किस्त के रूप में 25,000 रुपये लेते रंगे हाथों पकड़ा गया। जानकारी देते हुए विजीलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता अपनी ज़मीन बेचना चाहता था और इसके लिए उसने अपनी ज़मीन के इंतकाल (फर्द) की प्रति प्राप्त की। तब उसे पता लगा कि यह ज़मीन उसके नाम पर नहीं, बल्कि किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर दर्ज है।

# बरनाला में गुरु तेग बहादुर जी के शहादत दिवस पर श्रद्धा की लहर

**समर न्यूज | बरनाला**

दुनिया भर में सिख समुदाय गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहादत दिवस मना रहा है। पंजाब सरकार, एसजीपीसी और विश्वभर के गुरुद्वारे इस अवसर पर विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। श्रद्धालु गुरु तेग बहादुर जी से जुड़े ऐतिहासिक गुरुद्वारों में मत्था टेककर स्मरण कर रहे हैं।बरनाला का ऐतिहासिक गुरुद्वारा अडीसर साहिब इन दिनों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है।

माना जाता है कि गुरु तेग बहादुर जी सन् 1722 में मालवा फेरी के दौरान यहां पधारे थे। कहा जाता है कि आगे तंबाकू के खेत देखकर उनके घोड़े ने यहां अडी मार दी थी। इस पर गुरु साहिब ने वचन दिया था कि जो कोई भी इस स्थल पर मत्था टेक करेगा, उसकी मनोकामना पूरी होगी।

आज भी श्रद्धालु इस मान्यता के चलते दूर-दूर से यहां पहुंच रहे हैं। पंजाब के अलावा अन्य राज्यों और विदेशों से भी संगत गुरुद्वारा अडीसर साहिब में दर्शन करने आ रही है। विदेश जाने की इच्छा रखने वाले श्रद्धालु यहां जहाज के खिलौने चढ़ा रहे हैं, वहीं रोज़ाना सैकड़ों डिब्बे मिठाई के रूप में अरदास के साथ चढ़ाए जा रहे हैं।

गुरुद्वारे के प्रबंधकों ने बताया कि गुरु तेग बहादुर जी का शहादत दिवस यहां भी श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया जा रहा है।

# हाईवे पर धमाका पलटा ट्रक, सड़क पर बिखरे सेब

## जालंधर-दिल्ली हाईवे पर गोराया में देर रात ट्रक का टायर फटने से हुआ हादसा

**समर न्यूज | जालंधर**

जिसके बाद घटना स्थल पर मौजूद लोग डर गए और तुरंत बाहर आ गए। इस दौरान लोगों ने देखा कि ट्रक का टायर फटने से ट्रक सड़क पर पलट गया। देर रात 1 बजे के करीब हाईवे पर पड़ते ढाबा मालिक सहित अन्य लोग ट्रक चालक की मदद के लिए जुटे। जिसके बाद उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से रोड पर बिखरी सेब की पेटियों और ट्रक को हटाकर ट्रैफिक को सुचारु किया। हादसे की जांच गोराया थाना के ड्यूटी अफसर सुरिंदर कुमार को सौंप दी गई है। गोरायां के पास हाईवे पर पलटे ट्रक में 500 के करीब पेटियां सेब की थी। इसमें से 150 के करीब पेटी




रोड पर बिखर गई। कई बेटियां फटने से सेब रोड पर गिरे हुए नजर आए। हालांकि किसी ने सेब की पेटियों की लूट नहीं की। लोगों ने चालक का सहयोग किया और ट्रक के टायर को बदलवाकर सेब की पेटियां लदवाईं। गोराया पुलिस के अधिकारी ने बताया कि उनको रात को मिश्री ढाबा वालों का फोन आया कि हाईवे पर सेब से भरा एक ट्रक नंबर जेके 08-क्यू -8112 पलट गया है। रोड पर सेब की पेटियां भी बिखरी हैं जिससे दूसरे वाहनों को निकलने में दिक्कत आ रही है। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों की मदद से ट्रक को सीधा करवाया और ट्रैफिक को सुचारु किया। पुलिस ने हाईवे को दो लेन को चालू कर दिया है। एक लेन को क्लीयर किया जा रहा है।

हादसा ट्रक का टायर फटने से हुआ है। हादसे के बाद लोगों ने ट्रक ड्राइवर को सुरक्षित निकाल लिया। सेब से लदा ये ट्रक हरियाणा के भिवानी जा रहा था। ट्रक पलटने की मौके पर ट्रक मालिक और मंडी आढ़तियों को जानकारी दे दी गई थी।

**कब साफ होगा ये** — नगर परिषद से तुरंत सफाई और नियमित कचरा प्रबंधन की मांग की

# ट्रांसपोर्ट नगर के पास कूड़े का बड़ा ढेर, स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए चिंता

**कमलेश शर्मा | मंडी गोबिंदगढ़**

मंडी गोबिंदगढ़ के ट्रांसपोर्ट नगर और फोकल प्वाइंट क्षेत्र के पास कई दिनों से एक बड़ा कूड़ा-करकट जमा होने के कारण वहां की स्थिति बेहद चिंताजनक हो गई है। स्थानीय निवासियों, कामगारों और कारोबार से जुड़े लोगों का कहना है कि गंदगी के इस ढेर से बदबू फैल रही है, जिससे आसपास के लोग और राहगीर त्रस्त हैं। इस कूड़े के कारण वातावरण काफी अस्वच्छ हो गया है और स्वास्थ्य संबंधी खतरों का खतरा पैदा हो गया है। यह क्षेत्र औद्योगिक और व्यापारिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है, जहां दिन भर भारी संख्या में कामगार, वाहन चालक और स्थानीय लोग आते-




ट्रांसपोर्ट नगर के पास कूड़े का बड़ा ढेर।

जाते रहते हैं। ऐसे में यहां गंदगी और कूड़े का जमा होना न केवल स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है, बल्कि शहर की सूरत और स्वच्छता पर भी बुरा प्रभाव डाल रहा है। स्थानीय निवासी संदीप जैदका ने बताया कि उन्होंने इस समस्या को लेकर नगर परिषद के अध्यक्ष को औपचारिक रूप से एक पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने शहरी निकाय से तुरंत इस कूड़े के ढेर को हटाने, नियमित कचरा संग्रहण की व्यवस्था मजबूत करने और भविष्य में इस क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने की गुहार लगाई है। उनका कहना है कि इस तरह की गंदगी से न केवल पर्यावरण दूषित होता है, बल्कि यह मच्छरों, चूहों और अन्य कीटों के लिए भी सुरक्षित ठिकाना बन जाता है, जो बीमारी फैलाने का माध्यम हो सकते हैं।उन्होंने यह भी कहा कि फोकल प्वाइंट और ट्रांसपोर्ट नगर जैसे व्यस्त इलाकों में सफाई के इंतजामों को प्रभावी और नियमित किया जाना चाहिए ताकि जनता को कोई असुविधा न हो और शहर की छवि भी सुधर सके। उन्होंने आग्रह किया कि नगर परिषद जल्द से जल्द इस समस्या पर ध्यान दे और कूड़ा निपटान के लिए स्थायी तथा व्यवस्थित सुधार ला कर क्षेत्रवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करे। स्थानीय व्यापारी, कामगार और निवासी सभी इस मुद्दे पर नगर परिषद की त्वरित कार्रवाई और क्षेत्र की साफ-सफाई की व्यवस्था से उम्मीद लगाए बैठे हैं। उनका मानना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं निकाला गया तो इससे स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं और शहर की प्रतिष्ठा को भी नुकसान पहुंचेगा।इस प्रकार, मंडी गोबिंदगढ़ के इस व्यस्त औद्योगिक क्षेत्र में साफ-सुथरा और स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के लिए नगर परिषद की सजगता और जिम्मेदारी अत्यंत आवश्यक हो गई है।

## मैं बोलूंगा तो...

### "MLA शाब! डिग्री दिखाकर ही सवाल पूछूं



समर न्यूज | चंडीगढ़

*देश में लोकतंत्र चल रहा है—या डिग्री-तंत्र? यह सवाल तभी मन में आया जब एक माननीय विधायक साहब ने अचानक एलान कर दिया कि "सवाल वही पूछेगा, जिसके पास कम से कम एमए, एमफिल या पीएचडी हो!" यानी कि अब सवाल पूछने के लिए भी क्वालिफिकेशन चाहिए। कल को पता चला कि लोकतंत्र की एंट्री गेट पर भी एक गार्ड खड़ा हो—"बीए पास हो पहले दिखाओ, तभी देश के मुद्दों पर बोलना।"*

*सोचिए, अगर सचमुच ऐसा मंच बन जाए जिसमें पढ़े-लिखे पत्रकार ही बैठ सकें, तो दृश्य बड़ा मनोरंजक होगा। पहला पत्रकार सीधे पूछेगा—*

*"विधायक जी, सवाल पूछने के लिए कौन-सी डिग्री अनिवार्य है?"*

*विधायक साहब गंभीर मुद्रा में उत्तर देंगे— "कम से कम एमए-एमफिल तो चाहिए ही पीएचडी हो तो और भी अच्छा।" दूसरा पत्रकार तुरंत दूसरा गोला छोड़ देगा—*

*"कृपया बताएं, संविधान में यह शिक्षा अनिवार्यता कब जोड़ दी गई?" माननीय फाइलें उलट-पलट कर, गला खंखार कर कहेंगे—*

*"अभी-अभी, हमारी पार्टी की मीटिंग में जोड़ दी है!"*

*अब मंच पर कम पढ़ा-लिखा पत्रकार आए। वो सरलता से पूछे— "हुज़ूर, आपका ड्राइविंग लाइसेंस वैध है न?" विधायक साहिब तमतमाकर बोलें— "पहले अपनी डिग्री दिखाओ! तुम्हारे सवाल का लेवल बहुत नीचे है।"*

*वाह, क्या दृश्य होगा! ऊपर डिग्रीधारी सवाल कर रहे हैं—देश की बेरोजगारी, शिक्षा, लोकतंत्र, जनसंख्या पर ग्राफ दिखाते हुए। नीचे खड़ा एक साधारण पत्रकार पूछ रहा है—"सर, गाँव में पानी कब आएगा?" और विधायक साहिब का जवाब—"सवाल तो ठीक है, पर पूछने की योग्यता कहाँ है?"*

*शायद आगे प्रेस कॉन्फ्रेंस हॉल के बाहर बोर्ड लगे— "MLA से सवाल पूछने हेतु न्यूनतम योग्यताः B.A." और बाक़ी जनता को निर्देश— "कृपया चुप रहें, आपकी पढ़ाई कम है!"*

*लगता है हमारे जनप्रतिनिधि अब लोकतंत्र नहीं, डिग्री-तंत्र चलाना चाहते हैं। वोट देने के लिए डिग्री की ज़रूरत नहीं, लेकिन सवाल पूछने के लिए मार्कशीट ज़रूरी। कल को यह भी ऐलान हो सकता है कि मतदान करने से पहले एंट्रेंस एग्ज़ाम देना पड़ेगा और रिजल्ट में जिनके 60% से कम आए, वे सिर्फ ताली बजाएं—प्रश्न न करें।*

*जनता सोच रही है— "अब विधायक साहिब से मिलने जाएँ, तो क्या मार्कशीट छाती से चिपकाकर जाएँ?" चुनाव से पहले क्या "सवाल पूछने वालों के लिए आरक्षण" भी खुल जाएगा? या फिर विधायक जी कोई नया नियम ले आएँगे— 'सवाल पूछने वाला पहले अपना सीवी जमा करे।' सच कहें तो पढ़ाई की जो मूंछें विधायक साहिब रखते हैं, उसमें आम जनता की दाढ़ी तो क्या, पूरी की पूरी लोकतांत्रिक बुद्धि छोटी पड़ जाए। चलते-चलते एक सुझाव— अगर सवाल पूछने के लिए डिग्री ज़रूरी है, तो देश के शिक्षा विभाग को चाहिए कि वे पहले विधायक साहिब को ही लॉकअप में बिठाकर पढ़ा दें। कम से कम लोकतंत्र की किताब का पहला पन्ना तो पढ़ लें— "सवाल पूछने का हक़ हर नागरिक का है।"*

# पंजाब में डायनासोर तो आ सकते हैं पर सुखबीर सिंह बादल कभी नहीं आएगा: ज्ञानी हरप्रीत सिंह

## ▪ अकाली दल ने धर्म को घोड़ी बनाया, धर्म सत्ता तक लेकर जाएगा ये सोच गलत और इसी ने इनको किया बर्बाद

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



***तरनतारन में 2022 के चुनाव में अकाली दल ने जो वोट ली थी उसके मुकाबले इस बार अकाली दल की 9 हजार वोट घटी है। अकाली दल को इस बार वोट नहीं पड़ी। पंजाब में डायनासोर आ सकते हैं पर सुखबीर बादल नहीं आएगा ये कहना है शिरोमणि अकाली दल पुनर्गठन के अध्यक्ष ज्ञानी हरप्रीत सिंह का। उन्होंने समर न्यूज़ चैनल पर तपिन मल्होत्रा के साथ बातचीत की। पेश है इंटरव्यू की बातचीत के मुख्य अंश।***

ज्ञानी हरप्रीत सिंह का कहना है कि उन्हें ना ही मुख्यमंत्री बनना है और ना ही पार्षद और विधायक। उन्होंने कहा कि उनको चुनाव नहीं लड़ना है। चुनाव लड़ना होता तो कुर्सी का सवाल होता। धर्म हमेशा ऊपर होता है राजनीति हमेशा नीचे काम करती है। राजनीति घोड़ी है और धर्म उस पर सवार है। अकाली दल ने धर्म को घोड़ी बना लिया है। धर्म सत्ता तक लेकर जाएगा ये सोच गलत है इस चीज ने इनको बर्बाद किया है।

उन्होंने कहा कि जत्थेदारों का मान सत्कार कायम रखना ये शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की पहली जिम्मेदारी है। इतिहास गवाह 1984 दंगे हुए बड़ा कुछ हुआ लेकिन, कांग्रेस पार्टी, आम आदमी पार्टी के लीडरों ने नीच की हदें पार नहीं की। अकाली दल के नेताओं ने हदें पार की हैं। पहले ऐसा होता था कि पंथ बसे मैं उजड़ ये कहते हैं पार्टी मरती है मर जाए पार्टी में कार्यकर्ता रहे ना रहे प्रधानगी नहीं छोड़नी। ये धारणा बन गई कि पार्टी पैसे वाला इंसान बना सकता और चला सकता है। ऐसा होता तो अडाणी अंबानी पार्टी बना लें। व्यापारी बिजनेस कर सकता है। पार्टी का काम राजसत्ता में होकर लोगों की सेवा करना होता है। 2027 के चुनाव में वह पंथ के लिए पंजाब के मुद्दों के लिए लड़ेंगे। अकाली दल का आईटी विंग गलत प्रचार करता है, लेकिन हम ऐसा नहीं करते। हमें सत्ता से बाहर रहना मंजूर है, लेकिन अपनी नैतिकता को नहीं छोड़ सकते।

पूरा इंटरव्यू को सुनने के लिए स्कैन करें

### ▪ लालच देकर हो रहा धर्म परिवर्तन

*पार्टियों का गठबंधन सिद्धांत के आधार पर होता है। 2017 में अकाली दल तीन सीटों पर सिमट गया था। तरनतारन उपचुनाव में दूसरे नंबर पर आया है तो किस आधार पर यह 2027 चुनाव में जीत सकते हैं। सोशल मीडिया पर एक दूसरे धर्म के प्रति दुष्प्रचार हो रहा है ये चीजें गलत हैं। सोशल मीडिया पर गलत सामग्री परोसी जा रही है। इसके लिए कठोर कानून बनने चाहिए। कानून में कोई भी बदलाव नहीं हो रहा है। सरकार इसके लिए सतर्क नहीं है। सरकार गलत प्रचार करने वाले पेज को बैन कर देती है जबकि दुष्प्रचार करने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। लोगों में धर्म परिवर्तन धर्म से नहीं लालच से बदला जा रहा है।*

# रिलायंस ने रूसी कच्चे तेल का उपयोग रोका

## ▪ EU और अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद लिया बड़ा फैसला

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने गुरुवार को पुष्टि की कि उसने गुजरात के जामनगर स्थित अपनी विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ) वाली निर्यातक रिफाइनरी में रूसी कच्चे तेल का उपयोग पूरी तरह बंद कर दिया है। कंपनी ने यह कदम यूरोपीय संघ (EU) द्वारा लगाए गए सख्त प्रतिबंधों के अनुपालन में उठाया है। भारत में रूसी तेल की सबसे बड़ी आयातक मानी जाने वाली रिलायंस, अब अपने निर्यात के लिए गैर-रूसी कच्चे तेल का उपयोग करेगी, जिससे अंतरराष्ट्रीय बाजारों में उसका व्यापार नए नियमों के अनुरूप चल सके।

**▪ EU की पाबंदियों के बाद बदलनी पड़ी रणनीति...**

EU का बाजार रिलायंस के लिए वर्षों से एक महत्वपूर्ण निर्यात गंतव्य रहा है। लेकिन रूस के ऊर्जा राजस्व पर चोट करने की रणनीति के तहत यूरोपीय संघ ने रूसी मूल के कच्चे तेल और उससे बने उत्पादों पर व्यापक प्रतिबंध लागू किए हैं। इस कारण रिलायंस को अपने निर्यात ढांचे में बड़े बदलाव करने पड़े हैं। कंपनी के प्रवक्ता ने बताया कि 20 नवंबर से SEZ रिफाइनरी में रूसी तेल की प्रोसेसिंग पूरी तरह बंद कर दी गई है, और 1 दिसंबर से इस रिफाइनरी से निर्यात होने वाले सभी उत्पाद गैर-रूसी कच्चे तेल से तैयार किए जाएंगे।

जामनगर का रिफाइनिंग कॉम्प्लेक्स दुनिया का सबसे बड़ा एकल स्थान पर स्थित तेल शोधन परिसर है, जिसमें दो प्रमुख रिफाइनरियाँ शामिल हैं एक SEZ रिफाइनरी, जो अंतरराष्ट्रीय बाजार के लिए ईंधन बनाती है, और दूसरी पुरानी रिफाइनरी, जो घरेलू जरूरतों को पूरा करती है।

**▪ अमेरिका की सख्ती और रूस की दो बड़ी कंपनियों पर प्रतिबंध का प्रभाव...**

पिछले महीने अमेरिका ने रूस की दो प्रमुख तेल दिग्गज कंपनियों Rosneft और Lukoil पर प्रतिबंध लगा दिए थे। अमेरिका का आरोप है कि ये कंपनियाँ यूक्रेन युद्ध में क्रेमलिन की "वार मशीन" को आर्थिक मदद पहुंचा रही हैं। इसके तुरंत बाद रिलायंस ने ऐलान किया था कि वह सभी अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों का पालन करेगी और आवश्यकतानुसार अपनी रिफाइनरी गतिविधियों में बदलाव करेगी। रिलायंस ने अक्टूबर में कहा था कि वह EU, UK और US द्वारा लागू किए गए नए प्रतिबंधों के प्रभाव का आकलन कर रही है और अनुपालन प्रक्रिया को मजबूत बनाने के लिए अपनी प्रणाली में बदलाव कर रही है।कंपनी के अमेरिका में बड़े व्यावसायिक हित हैं, ऐसे में किसी भी प्रकार की जांच या उल्लंघन के जोखिम से बचना उसके लिए अत्यधिक आवश्यक है।

रूस के साथ लंबी अवधि की क्रूड कॉन्ट्रैक्ट पर भी प्रभाव

रिलायंस का रूस की कंपनी Rosneft के साथ 25 वर्षोंके लिए कच्चा तेल खरीदने का दीर्घकालिक करार है, जिसके तहत कंपनी प्रति वर्ष लगभग 25 मिलियन टन (लगभग 500,000 बैरल प्रतिदिन) तेल खरीद सकती है। US प्रतिबंध लागू होने के बाद से ही रिलायंस इन आयातों में धीरे-धीरे कटौती कर रही है। इसी सिलसिले में अब रूसी तेल को अपनी घरेलू बाजार वाली DTA रिफाइनरी में भेजा जाएगा, जबकि SEZ रिफाइनरी को पूरी तरह गैर-रूसी कच्चे तेल से चलाया जाएगा। कंपनी ने बताया कि रूसी तेल का अंतिम कार्गो 12 नवंबर को लोड किया गया था, और इसके बाद आने वाला कोई भी रूसी कार्गो SEZ में नहीं, बल्कि घरेलू रिफाइनरी में प्रोसेस किया जाएगा।

इसके अलावा, 22 अक्टूबर 2025 तक जिन रूसी तेल कार्गो की पहले से बुकिंग की गई है, वे पुराने अनुबंधों के तहत मान्य रहेंगे, क्योंकि उनके लॉजिस्टिक्स और परिवहन की व्यवस्था पहले ही तय हो चुकी है।

**▪ भारतीय बाजार में रूसी तेल की भूमिका और भविष्य की संभावनाएं...**

वर्तमान में रूस भारत को कच्चे तेल का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बन चुका है, जो देश के कुल आयात का लगभग एक-तिहाई हिस्सा पूरा करता है। 2025 तक भारत के रूसी तेल आयात का औसत 1.7 मिलियन बैरल प्रतिदिन (mbd) रहने का अनुमान है, जिसमें से लगभग 1.2 mbdतेल सीधे Rosneft और Lukoil से आता है। इनमें से अधिकांश मात्रा निजी रिफाइनरों रिलायंस और नायरा एनर्जी द्वारा खरीदी जाती है, जबकि सरकारी रिफाइनरों को इसकी अपेक्षाकृत कम आपूर्ति मिलती है। EU के नए नियमों और US प्रतिबंधों के लागू होने के बाद माना जा रहा है कि भारतीय कंपनियों को अपने तेल आयात और निर्यात रणनीति में व्यापक बदलाव करने होंगे। उद्योग विशेषज्ञों का अनुमान है कि रिलायंस का यह कदम भविष्य में भारत के तेल व्यापार पैटर्न में और भी बदलाव की शुरुआत हो सकता है।

EU और US द्वारा रूस पर लगाए गए प्रतिबंध वैश्विक ऊर्जा व्यापार को नई दिशा दे रहे हैं।

## अब दिल्ली दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर

# सांसों पर संकट और AQI 'खतरनाक' स्तर पर पहुंचा



समर न्यूज़ | नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली एक बार फिर दुनिया के सबसे प्रदूषित शहर के रूप में सामने आई है। अंतरराष्ट्रीय वायु गुणवत्ता निगरानी एजेंसियों की ताज़ा रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली का AQI कई इलाकों में 450 से 500 के बीच दर्ज किया गया, जो वायु गुणवत्ता के 'गंभीर' और 'खतरनाक' स्तर को दर्शाता है। यह स्तर WHO की सुरक्षित सीमा से 20–25 गुना अधिक है और सीधे तौर पर स्वास्थ्य के लिए जोखिम पैदा करता है।

**▪ धुआं-धूल से बिगड़ी हवा, पराली का असर भी जारी...**

विशेषज्ञों के अनुसार दिल्ली में खराब हवा के प्रमुख कारण—वाहनों का धुआं, औद्योगिक उत्सर्जन, निर्माण कार्यों की धूल, पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने से आने वाला धुआं और सर्दियों में हवा का ठहराव—सब मिलकर राजधानी को गैस चैंबर में बदल रहे हैं। तापमान गिरते ही हवा का प्रवाह कम हो जाता है और प्रदूषण ज़मीन के पास जमा होने लगता है।

**GRAP लागू, स्कूल बंद व कई गतिविधियों पर रोक...**

*बिगड़ते हालात को देखते हुए दिल्ली सरकार ने कई आपात कदम उठाए हैं, कई स्कूलों में छुट्टियां बढ़ाई गईं, निर्माण कार्यों पर अस्थायी रोक, डीज़ल जनरेटरों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध, दिल्ली–NCR में GRAP का सबसे सख्त चरण लागू, प्रदूषण फैलाने वाले भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक। इसके बावजूद वायु गुणवत्ता में सुधार के संकेत फिलहाल नजर नहीं आ रहे।*

**▪ अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ी, सांस लेना हुआ मुश्किल...**

*सरकारी और निजी अस्पतालों से मिली जानकारी के अनुसार पिछले दो हफ्तों में—सांस की तकलीफ, दमा, एलर्जी, आंखों में जलन और सीने में जकड़न की शिकायत वाले मरीजों की संख्या 30–40% तक बढ़ गई है। डॉक्टरों ने चेताया है कि यह प्रदूषण बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और अस्थमा या हृदय रोग से पीड़ित लोगों के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकता है।*

**▪ PM2.5 स्तर विश्व में सबसे अधिक...**

*यह रिपोर्ट बताती है कि दिल्ली में PM2.5 कणों की मात्रा दुनिया भर में सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई है। ये सूक्ष्म कण फेफड़ों में गहराई तक पहुंचकर रक्तप्रवाह तक पहुंच जाते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि लंबे समय तक PM2.5 के संपर्क में रहना फेफड़ों के कैंसर, हृदय रोग और अस्थमा जैसी गंभीर समस्याओं को जन्म दे सकता है।*

**▪ राजनीतिक तकरार तेज, जिम्मेदारी को लेकर विवाद...**

*प्रदूषण को लेकर एक बार फिर दिल्ली सरकार, केंद्र सरकार और पड़ोसी राज्यों के बीच आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गया है। दिल्ली सरकार पराली प्रदूषण को मुख्य कारण बता रही है, जबकि पड़ोसी राज्य दिल्ली के वाहन उत्सर्जन और निर्माण गतिविधियों को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि सामूहिक और दीर्घकालिक रणनीति के बिना समाधान संभव नहीं है।*

**▪ लोगों को सावधान रहने की सलाह...**

*स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने नागरिकों से अपील की है कि वे अनावश्यक बाहर न निकलें, N-95 या N-99 मास्क पहनें, घरों में एयर प्यूरीफायर का उपयोग करें, सुबह-शाम की वॉक बंद करें, बच्चों को खुले मैदानों में खेलने से रोकें।*

## Good DAY

समर न्यूज़ | लुधियाना



*जीवन को सरल बनाने के लिए नियम कायदे जिंदगी में लागू करना अनिवार्य है। जो व्यक्ति नियम कायदे के अनुसार जीता है उसका जीवन सरल होने के साथ-साथ सफल भी होता है। लेकिन आज की जिंदगी में लोग पैसा कमाने के चक्कर में सब नियम कार्य भूल चुके हैं और खुद को फायदा पहुंचाने के लिए हर संभव कोशिश करने को तैयार रहते हैं।*

***रंजीत सिंह बैंस, डी एस पी मलेरकोटला***

पेज 3 एंकर स्टोरी

## उदयपुर में रॉयल वेडिंग का जलवा, जूनियर डोनल्ड ट्रंप पहुंचेंगे झीलों की नगरी

# द लीला पैलेस में ठहरेंगे 10 लाख प्रतिदिन वाले 'महाराजा सुइट' में



समर न्यूज़ | उदयपुर

झीलों की नगरी एक बार फिर दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचने जा रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बेटे डोनल्ड ट्रंप जूनियर उदयपुर पहुंचेंगे, जहां वह 21 से 23 नवंबर तक होने वाले एक भव्य रॉयल वेडिंग समारोह में शामिल होंगे। ट्रंप जूनियर अपनी गर्लफ्रेंड के साथ पिछोला झील के किनारे स्थित प्रतिष्ठित फाइव-स्टार होटल द लीला पैलेस में ठहरेंगे, जिसे भारत के सबसे लक्ज़री होटलों में शामिल किया जाता है।

### आलीशान और महंगा महाराजा सुइट तैयार, आम मेहमानों का प्रवेश बंद

*ट्रंप जूनियर के लिए होटल का सबसे आलीशान और महंगा 'महाराजा सुइट' बुक किया गया है, जिसका किराया प्रति रात करीब 10 लाख रुपये है। इसके अलावा 7 लाख रुपये प्रतिदिन वाला 'रॉयल सुइट' भी शादी के मेहमानों के लिए आरक्षित है। द लीला पैलेस के कुल 82 कमरे और 3 लग्जरी सुइट पहले ही बुक कर लिए गए हैं। इस अवधि में होटल में सिर्फ शादी के मेहमानों को ही प्रवेश दिया जाएगा। द लीला पैलेस को 2019 में ट्रैवल एंड लीजर मैगज़ीन ने दुनिया के सर्वश्रेष्ठ होटलों की सूची में शामिल किया था। इससे पहले सलमान खान, कैटरीना कैफ, गौतम अडाणी जैसे दिग्गज भी इसी सुइट में रुक चुके हैं। 3585 स्क्वायर फीट में फैले शानदार 'महाराजा सुइट' को राजसी अंदाज में सजाया गया है। इसमें मास्टर बेडरूम, वॉक-इन वार्डरोब, स्टडी रूम, विशाल लिविंग एरिया, डायनिंग हॉल, प्राइवेट स्विमिंग पूल, किंग-साइज़ जकूजी, इन-सुइट स्पा जैसी हाई-एंड सुविधाएं मौजूद हैं। कमरों से पिछोला झील का विहंगम दृश्य सुइट की सुंदरता को दुगुना कर देता है।*

**▪ सीक्रेट सर्विस, पुलिस तैनात...**

*ट्रंप जूनियर और वीवीआईपी मेहमानों की सुरक्षा को देखते हुए होटल में एक विशेष कॉरिडोर बनाया गया है, जहां आम लोगों का प्रवेश पूरी तरह बंद रहेगा। अमेरिकी सीक्रेट सर्विस की टीम स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर सुरक्षा व्यवस्था संभाल रही है। होटल की नियमित गाड़ियों की जगह बाहर से मंगवाई गई हरियाणा नंबर की मर्सिडीज और लग्ज़री वेलफेयर कारें उपयोग में ली जा रही हैं।*

**▪ 23 नवंबर को जगमंदिर में होगी रॉयल वेडिंग...**

*जूनियर डोनल्ड ट्रंप शाम 5:15 बजे डबोक एयरपोर्ट पर उतरेंगे, जहां से वे सीधे द लीला पैलेस जाएंगे। रात 8 बजे वे जनाना महल में होने वाले संगीत समारोह में शामिल होंगे। मुख्य शादी का आयोजन 23 नवंबर को पिछोला झील के बीच स्थित ऐतिहासिक जगमंदिर आइलैंड पैलेस में होगा। यह विवाह अमेरिकी अरबपति रामा राजू मंटेना की बेटी नेत्रा मंटेना और वामसी गडिराजू का है।*

# एडीजीपी वाई पुरण कुमार के गनमैन सुशील के खिलाफ चार्जशीट तैयार

## दस्तावेज को कोर्ट में दाखिल करने से पहले ली जा रही कानून की सलाह

**समर न्यूज | रोहतक**

चर्चित मंथली वसूली प्रकरण में विशेष जांच टीम ने एडीजीपी वाई. पूरण कुमार के गनर सुशील कुमार के खिलाफ महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए चार्जशीट तैयार कर ली है।

सूत्रों के अनुसार, दस्तावेज को कोर्ट में दाखिल करने से पहले कानूनी विशेषज्ञों से अंतिम राय ली जा रही है, ताकि किसी प्रकार की कमी या तकनीकी त्रुटि न रह जाए। चार्जशीट में फिलहाल सुशील कुमार को ही आरोपी बनाया गया है। 6 अक्टूबर को शराब ठेकेदार प्रवीण बंसल ने अर्बन एस्टेट थाने में शिकायत दी थी कि उन्हें कुख्यात गैंग और अन्य बदमाशों द्वारा जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं, जिसके




चलते उन्हें पुलिस सुरक्षा मिली हुई है। बंसल ने बताया कि हिमांशु भाऊ गैंग के कई सदस्य शराब ठेकों में हिस्सेदारी रखते हैं, जिसकी वजह से उन पर लगातार दबाव बना रहता है। शिकायत में कहा गया कि एक पुलिस कर्मचारी, जिसने अपना नाम सुशील बताया, उनसे IG ऑफिस आने के लिए कहा और खुद को एडीजीपी का नज़दीकी बताकर प्रभाव दिखाया।

जून में IG ऑफिस में हुई मुलाकात के दौरान सुशील कुमार ने कथित रूप से धमकी भरे अंदाज में कहा कि यदि रोहतक में शराब का कारोबार जारी रखना है, तो "मंथली" देनी होगी—अन्यथा गैंगस्टरों के साथ मिलकर उन पर अवैध शराब तस्करी के मुकदमे दर्ज करवा दिए जाएंगे।

ढाई लाख रुपये की मांग का आरोप

शिकायतकर्ता के अनुसार बाद में सुशील ने अपने सेक्टर-1 स्थित दफ्तर में बुलाकर अपने साथी जयभगवान के साथ मिलकर ढाई लाख रुपये की मंथली की मांग की। उसने दावा किया कि आईजी साहब पूरी सपोर्ट करेंगे, बस पेमेंट समय पर मिलती रहनी चाहिए। मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने 7 अक्टूबर को सुशील कुमार को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद उसे पहले रोहतक जेल और फिर सुरक्षा कारणों से अंबाला जेल शिफ्ट कर दिया गया। वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि अभी चार्जशीट की अंतिम औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं और जल्द ही इसे न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया जाएगा।

यह मामला हरियाणा पुलिस विभाग में कथित भ्रष्टाचार और वसूली तंत्र पर एक और बड़ा सवाल खड़ा करता है। आगे की जांच में इस नेटवर्क से जुड़े और भी नाम सामने आ सकते हैं।

# खेल कोटे में फर्जीवाड़ा, 143 प्रमाणपत्र किए रद्द

## अनेक सर्टिफिकेट मान्यता प्राप्त राज्य संघों, महासंघों से संबद्ध संस्थाओं द्वारा जारी नहीं किए गए

**समर न्यूज | चडीगढ़**

सरकारी नौकरियों में खेल कोटे के नाम पर बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा सामने आया है। खेल विभाग द्वारा राज्य सरकार को भेजी गई विस्तृत जांच रिपोर्ट में कई खिलाड़ियों के प्रमाणपत्र संदिग्ध, अमान्य और यहां तक कि फर्जी पाए गए हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि अनेक सर्टिफिकेट मान्यता प्राप्त राज्य संघों, राष्ट्रीय महासंघों या इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन से संबद्ध संस्थाओं द्वारा जारी नहीं किए गए थे।

जांच में पता चला कि कई एसोसिएशनों ने बिना किसी आधिकारिक मान्यता के खिलाड़ियों को खेल प्रमाणपत्र जारी कर दिए। विभाग ने खिलाड़ियों के सर्टिफिकेट की सूची बनाकर संबंधित फेडरेशनों को सत्यापन के लिए भेजा। इसमें बड़ी संख्या में ऐसे प्रमाणपत्र मिले जिन पर संबंधित संघों ने फर्जी, अमान्य और संघ से संबद्ध नहीं जैसी टिप्पणियां दर्ज कीं।

ताइक्वांडो, एथलेटिक्स और कबड्डी में सबसे ज्यादा गड़बड़ी

रिपोर्ट के अनुसार ताइक्वांडो, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, थ्रोबाल और सर्कल कबड्डी में बड़े स्तर पर अनियमितताएं मिलीं। ताइक्वांडोः कई खिलाड़ियों के प्रमाणपत्र मान्य नहीं पाए गए।

न राज्य संघ की मान्यता थी न राष्ट्रीय फेडरेशन की। एथलेटिक्सः कई सर्टिफिकेट सीधे फर्जी घोषित किए गए। संघों ने कहा कि ऐसे खिलाड़ियों का रिकॉर्ड ही उपलब्ध नहीं है। वॉलीबाल व थ्रोबालः कई उपलब्धियां असत्य पाई गईं। कबड्डीः प्रमाणपत्र न मान्यता प्राप्त संघ से जारी थे और न ही उस वर्ष कोई अधिकृत प्रतियोगिता आयोजित हुई थी।

पुरानी तिथि वाले फर्जी सर्टिफिकेट भी सामने आए जांच में सामने आया कि कई खिलाड़ियों ने 2012, 2014, 2016 और 2018 की प्रतियोगिताओं के नाम पर प्रमाणपत्र जमा कराए, जबकि संबंधित संघों ने ऐसे आयोजनों के होने से ही इनकार कर दिया। कुछ मामलों में उम्मीदवार असली और नकली दोनों प्रकार के दस्तावेज लेकर पहुंचे। कई खिलाड़ियों ने जूनियर कैटेगरी के प्रमाणपत्रों को सीनियर कैटेगरी के रूप में नौकरी में लगाया, जो स्पष्ट रूप से नियमों का उल्लंघन है। रिपोर्ट में कहा गया है कि खेल कोटे के नाम पर फर्जी सर्टिफिकेट लगाकर नौकरियां हासिल करने की कोशिश से न केवल प्रणाली पर सवाल उठते हैं, बल्कि वास्तविक खिलाड़ियों का अधिकार भी प्रभावित होता है।

सरकार ने सभी जिलों को दिए सख्त निर्देश

खेल विभाग की रिपोर्ट के आधार पर सरकार ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि भविष्य की सभी भर्तियों में 100% खेल प्रमाणपत्रों का सत्यापन अनिवार्य होगा। फर्जी प्रमाणपत्र लगाने वाले खिलाड़ियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए। सबसे ज्यादा हिसार, जींद और फतेहाबाद के खिलाड़ी शामिल हैं। हिसार 36, जींद 31, फतेहाबाद 20, चरखी दादरी 8, पानीपत 13, महेंद्रगढ़ 9, सोनीपत 6, कैथल 6, करनाल 4, रोहतक 3, कुरुक्षेत्र 2, भिवानी 2, रेवाड़ी, सिरसा, झज्जर 1-1 खिलाड़ी।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मुख्यालय की ओर से जिलों को लगभग 20 खिलाड़ियों के सर्टिफिकेट रद्द करने के निर्देश भेजे गए हैं। उन्होंने कहा कि जिस एसोसिएशन से खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र मिले, उस समय वे संघ मान्यता प्राप्त नहीं थे। इस कारण प्रदेशभर में करीब 143 प्रमाणपत्र रद्द करने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

# सोनीपत में प्रदूषण फैला रही इंडस्ट्री पर 19 टीमों ने की संयुक्त कार्रवाई

**समर न्यूज | सोनीपत**



सोनीपत में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की कार्रवाई। - समर न्यूज़

जिले में पर्यावरण सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई की। डीसी सुशील सारवान के नेतृत्व में 19 टीमों ने ग्रेप-3 नियमों का उल्लंघन करने वाले उद्योगों पर छापेमारी की। इस अभियान में 55 अधिकारी और भारी पुलिस बल शामिल थे, जिनका उद्देश्य प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर नियंत्रण सुनिश्चित करना था। जिला प्रशासन ने बताया कि कार्रवाई शुक्रवार सुबह शुरू हुई। सुबह 7 बजे राई रेस्ट हाउस में सभी अधिकारी और पुलिस बल जमा हुए, जहां डीसी सुशील सारवान ने टीमों को दिशा-निर्देश दिए और औद्योगिक क्षेत्रों में रवाना किया। टीमों ने एक साथ कई उद्योगों का निरीक्षण किया और नियमों के उल्लंघन की जांच की।

डीसी ने कहा कि यह अभियान न केवल वर्तमान उल्लंघनों को रोकने के लिए है, बल्कि भविष्य में पर्यावरणीय सुरक्षा को मजबूत करने के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि नियमों का पालन न करने वाले उद्योगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और आवश्यक कानूनी कार्यवाही तुरंत की जाएगी। जिला प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि इस तरह की छापेमारी नियमित रूप से जारी रहेगी और जनता के स्वास्थ्य एवं वातावरण की सुरक्षा प्राथमिकता बनी रहेगी। इस कार्रवाई से संदेश गया है कि हरियाणा में प्रदूषण फैलाने वाले किसी भी उद्योग को बख्शा नहीं जाएगा। सोनीपत में यह अभियान पर्यावरण संरक्षण और नियमों के पालन को लेकर प्रशासन की गंभीरता को दर्शाता है और इसे जिले में स्वच्छ व सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है।

# लाल किला ब्लास्टः दुष्यंत चौटाला बोले, खुफिया एजेंसियों की बड़ी चूक

## देश में वोट चोरी की शुरुआत कांग्रेस ने की थी, रैली में आगामी राजनीतिक रणनीति पर निर्णय लिया जाएगाः दुष्यंत चौटाला

**समर न्यूज़ | चडीगढ़**



चौटाला हाउस में पत्रकारों से बातचीत कर रहे दुष्यंत। -समर न्यूज़

पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने लाल किले के पास हुए ब्लास्ट मामले में फरीदाबाद की एक यूनिवर्सिटी का नाम सामने आने को गंभीर चिंता का विषय बताया है। उन्होंने इसे खुफिया एजेंसियों की बड़ी चूक करार देते हुए कहा कि सरकार दोषी अधिकारियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करे। वे गुरुवार को चौटाला हाउस में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। चौटाला ने बताया कि जननायक जनता पार्टी का आठवां स्थापना दिवस 7 दिसंबर को जींद के जुलाना में आयोजित रैली के साथ मनाया जाएगा। पार्टी अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला के नेतृत्व में रैली में आगामी राजनीतिक रणनीति पर निर्णय लिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इसके लिए कार्यकर्ताओं को गांव-गांव जाकर आमंत्रण देने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि बीते एक वर्ष में प्रदेश का हर वर्ग सरकार की नीतियों से परेशान रहा है। कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ी है, जिससे सरकारी प्रबंधन की पोल खुली है। उन्होंने लाडो लक्ष्मी योजना के नाम पर गरीब परिवारों के राशन कार्ड काटने और पेंशन प्रभावित होने को निंदनीय बताया। धान घोटाले पर चौटाला ने कहा कि सैकड़ों करोड़ रुपये की फर्जी बिलिंग कर बड़ी धोखाधड़ी को अंजाम दिया गया है। उन्होंने 2019 की तर्ज पर प्रदेश के सभी मिलर्स की फिजिकल वेरिफिकेशन कराने और धान की इनकमिंग तथा डिस्पैच की विस्तृत जांच की मांग की। उन्होंने बाजरे की खरीद में भी गड़बड़ियों की ओर इशारा करते हुए दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की आवश्यकता बताई।

**18 लाख एकड़ फसल प्रभावित, मुआवजा अब तक नहीं**

दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हालिया बारिश और बाढ़ के कारण 18 लाख एकड़ फसल प्रभावित हुई, लेकिन सरकार ने अब तक किसानों के खातों में एक भी रुपया जारी नहीं किया। उन्होंने कहा कि सरकार को यात्राओं के बजाय किसानों और आम जनता की समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए। वोट चोरी गद्दी छोड़ो अभियान पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि देश में वोट चोरी की शुरुआत कांग्रेस ने की थी। उन्होंने कहा कि यदि चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं, तो आयोग को भी इस विषय पर श्वेत पत्र जारी करना चाहिए।

**पेपरलेस रजिस्ट्री में बढ़ी शुल्क वसूली**

राजस्व विभाग पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि पेपरलेस रजिस्ट्री के नाम पर जनता से अधिक शुल्क वसूला जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि पहले 300 रुपये में होने वाले दस्तावेजों की फीस अब 1500 रुपये कर दी गई है, जो आम जनता के साथ धोखाधड़ी है।

# लोकतंत्र को बचाने के लिए ही लड़ाई लड़ रहे हैं राहुल : नरेंद्र

## कांग्रेस की ओर से जिला स्तरीय वोट चोर गद्दी छोड़ प्रदर्शन में पहुंचे सैकड़ों कार्यकर्ता

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**




लघु सचिवालय परिसर में आयोजित जनसभा। - समर न्यूज़

हरियाणा कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि आज लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए लड़ाई लड़ रहे है। राहुल गांधी के सवाल पर अभी तक चुनाव आयोग ने चुप्पी साधी हुई है जिससे साफ है कि वोट चोरी हुई है, सरकार चोरी हुई है। उन्होंने कहा कि इस देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए सभी को एकजुट होकर इस लड़ाई में शामिल होना होगा। राव नरेंद्र सिंह ने सभी से मंच से 14 दिसंबर को दिल्ली में आयोजित होने वाली वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली में शामिल होने की अपील की। वे शुक्रवार को लघु सचिवालय परिसर में आयोजित जिला स्तरीय वोट चोर गद्दी छोड़ प्रदर्शन से पूर्व विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि देश में भाजपा सरकार और मोदी के खिलाफ आवाज केवल राहुल गांधी ही उठा रहे है। कांग्रेस ने पहले भी संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ाई लड़ी है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के संदेश को अब जन जन तक पहुंचाना है, जनता को सच्चाई से अवगत करवाना है। उन्होंने कहा कि इस बार प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बन रही थी और हर व्यक्ति की जुबान पर कांग्रेस का ही नाम था पर भाजपा ने हेराफेरी की ओर सरकार बना ली। भाजपा ने मतदाता से उसका हक छीना है जिसका जवाब देने का समय आ गया है। राव नरेंद्र सिंह ने सभी से मंच से 14 दिसंबर को दिल्ली में आयोजित होने वाली वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि बिहार में भी 65 लाख वोट काटे गए और 21 लाख नए वोट जोड़े गए। बिहार में भाजपा ने चुनाव जीतने के लिए महिलाओं को दस दस हजार रुपये उनके खाते में डाले।

सिरसा की सांसद कुमारी शैलजा ने राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इस देश के संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्षरत है। राहुल गांधी ने वोट चोरी का पर्दाफाश कर देश की आंखें खोली है जबकि हम जानते है कि हमारे देश का लोकतंत्र विश्व का सबसे मजबूत है पर उसे भाजपा सरकार किस प्रकार नुकसान पहुंचा रही हैं। कैसे इस लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है। लोकतंत्र को कमजोर करके वोट चोरी की जा रही है, सरकार चोरी की जा रही है। कांग्रेस के लोगों की कुर्बानियों के कारण ही देश का संविधान बना जिससे लोकतंत्र मजबूत हुआ।

### राम रहीम केस में फिर अटका मामला, अमेरिकी गवाह की गवाही टली

**समर न्यूज़ | पंचकूला**

डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम से जुड़े बहुचर्चित मामले में शुक्रवार को अमेरिका स्थित गवाह की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए गवाही दर्ज नहीं हो सकी। तकनीकी और प्रशासनिक खामियों के कारण महत्वपूर्ण सुनवाई फिर टल गई, जिसके बाद अदालत ने केंद्रीय जांच ब्यूरो को फटकार लगाते हुए अधिक सक्रिय होने के निर्देश दिए।

सुनवाई के दौरान सीबीआई के डिप्टी एसपी ने अदालत को बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय कई बार अमेरिकी डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस से संपर्क साध चुका है, लेकिन वहां से अब तक कोई जवाब नहीं मिला है। इस कारण निर्धारित तारीख पर गवाही दर्ज करने की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई। वहीं, सीबीआई द्वारा गवाही रिकॉर्ड करने के लिए लाए गए उपकरण अदालत के सिस्टम में चल नहीं पाए।

# ब्लैक स्पॉट्स की पहचान कर उन्हें अगले साल मार्च तक किया जाएगा समाप्त : सीएम सैनी

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

हरियाणा में सड़क सुरक्षा के मामले में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जीरो टॉलरेंस नीति लागू करने का ऐलान किया है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि स्कूल बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, ब्लैक स्पॉट्स की पहचान कर उन्हें मार्च 2026 तक पूरी तरह समाप्त किया जाए और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए तुरंत प्रभावी कदम उठाए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मॉर्निंग पीक टाइम में बढ़ती छात्र संख्या को देखते हुए अतिरिक्त बसें उपलब्ध कराई जाएं और निजी बसों में भी स्टूडेंट पास सुविधा अनिवार्य की जाए। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि स्कूल बसों की सुरक्षा मानकों और जीपीएस सिस्टम की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए।



सीएम नायब सिंह सैनी।

सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए मुख्यमंत्री ने ओवरस्पीडिंग और ओवरलोडिंग पर सख्त रुख अपनाने, सीसीटीवी कैमरों से स्पीड मॉनिटरिंग बढ़ाने और नियमों का उल्लंघन करने वालों का तत्काल चालान करने के निर्देश दिए।

लिंक रोड से मुख्य सड़क पर स्पीड ब्रेकर लगाने, गड्ढों को भरने और डार्क स्पॉट्स पर लाइटिंग सहित सुरक्षा सुधार करने के भी आदेश दिए गए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि बस क्यू-शेल्टर बनाए जाएं, नशे में गाड़ी चलाने पर रोक लगाने के लिए ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान चलाया जाए और सभी वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाना अनिवार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि धुंध के मौसम में रिफ्लेक्टर लगाने के लिए नागरिकों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

सड़क पर छोड़े जाने वाले गोवंश की समस्या का समाधान कर सभी पशुओं को सुरक्षित अभयारण्यों में रखा जाएगा।

मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को गंभीरता और तत्परता से कार्य करने का निर्देश दिया, ताकि हरियाणा की सड़कें अधिक सुरक्षित और प्रभावी बन सकें।

बैठक में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, स्वास्थ्य, परिवहन, उच्च शिक्षा और लोक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, डीजीपी ओपी सिंह समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

**स्थापना दिवस** आईआईएम रोहतक ने पुलिस नेतृत्व से मिली सीख के साथ मनाया स्थापना दिवस

# युवाओं में देश की दिशा व दशा बदलने की क्षमताः ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह

**समर न्यूज़ | रोहतक**




भारतीय प्रबंधन संस्थान रोहतक ने 17वें स्थापना दिवस मनाया।-समर न्यूज़

युवाओं ने देश की दिशा व दशा बदलने की क्षमता है। युवा वर्ग अगर सकारात्मक तरीके से अपनी ऊर्जा को लगाए तो यह देश आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करेगा। उक्त विचार सीआरपीएफ के महानिदेशक आईपीएस ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रोहतक ने 17वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस कार्यक्रम में 1500 से अधिक छात्रों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय जांच एजेंसी के महानिदेशक आईपीएस सदानंद दाते, आर.आर. स्वैन, आईपीएस, पूर्व डीजीपी, जम्मू एवं कश्मीर तथा प्रसिद्ध गीतकार और गिनीज विश्व रिकॉर्ड धारक समीर शामिल थे।

ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने स्थापना दिवस पर उपस्थित लोगों को बधाई देते हुए शिक्षकों, अभिभावकों, साथियों, महिलाओं और वंचितों के प्रति सम्मान के मूल्य पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आईआईएम रोहतक आज देश के प्रतिष्ठित प्रबंधन संस्थानों में अग्रणी है और इसके छात्र विक्सित भारत 2047 के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को साकार करने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। उन्होंने छात्रों से ईमानदारी के साथ नेतृत्व करने, मानव संसाधनों को सर्वोपरि मानने और राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया।

एनआईए के महानिदेशक सदानंद दाते ने अनिश्चित समय में प्रभावी प्रबंधन विषय पर बतौर पुलिस अधिकारी अनुभव साझा करते हुए कहा कि अपराध की प्रकृति में वैश्विक परिवर्तन के कारण पुलिसिंग के मूल्यों पूर्वानुमान,धैर्य और नैतिक निर्णय का उपयोग कॉरपोरेट और विधिक क्षेत्रों में भी अत्यंत प्रासंगिक है।

उन्होंने जलवायु परिवर्तन, उभरती तकनीकों और वैश्विक भू-राजनीति जैसे कारकों के बीच स्पष्टता के साथ नेतृत्व की आवश्यकता पर बल दिया। वैश्वीकृत अर्थव्यवस्था में श्वेत कॉलर अपराध विषय पर पहले पैनल में आर.आर.स्वैन, पूर्व डीजीपी, जम्मू एवं कश्मीर ने बताया कि श्वेत कॉलर अपराध अब केवल कॉरपोरेट कदाचार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आतंक वित्तपोषण और वित्तीय आतंकवाद का प्रमुख साधन बनता जा रहा है, जो वैश्विक आर्थिक स्थिरता और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती है। उनके साथ वरिष्ठ अधिवक्ता प्रमोद कुमार दुबे और वरिष्ठ अधिवक्ता दविंदर पाल सिंह भी पैनल में शामिल हुए।

आईआईएम रोहतक के निदेशक प्रो. धीरज शर्मा ने स्वागत भाषण देते हुए प्रतिष्ठित अतिथियों का आभार व्यक्त किया और संस्थान के 17 वर्षों की यात्रा पर संपूर्ण समुदाय को बधाई दी। उन्होंने प्लेसमेंट, शोध और परिसर विस्तार में हुई प्रगति का पर रिपोर्ट पेश की। अपोलो हॉस्पिटल्स के डॉ. मनोज गुम्बर ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर चर्चा की और मानसिक सुदृढ़ता, समयपूर्व जागरूकता तथा सहायक परिवेश की आवश्यकता बताई। दूसरे सत्र में समीर ने छात्रों को व्यापक रूप से पढ़ने, गहराई से देखने और निरंतर अभ्यास करने की प्रेरणा दी।

# अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव की ओपनिंग परेड में हरियाणा की ऐतिहासिक पहली प्रस्तुति

## राज्य की समृद्ध संस्कृति, फिल्मी विरासत और जीवंत पहचान का भव्य प्रदर्शन

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

हरियाणा ने गोवा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव ऑफ इंडिया (IFFI) 2025 की ओपनिंग परेड में अपनी पहली शानदार राज्य झांकी प्रस्तुत की। आईएफएफआई ने इस वर्ष पारंपरिक उद्घाटन समारोह की जगह एक आकर्षक और भव्य 'सड़क परेड' का आयोजन किया, जिसने दर्शकों को भारतीय संस्कृति और सिनेमा के रंगों से सराबोर एक अनोखा चलित उत्सव प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि 20 से 28 नवंबर 2025 तक आयोजित होने वाला यह नौ-दिवसीय प्रतिष्ठित महोत्सव में फिल्म-बाजार सहित अनेक कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। सूचना, जनसम्पर्क, भाषा एवं कला संस्कृति विभाग के महानिदेशक केएम मकरंद पांडुरंग के दिशा निर्देशन में नॉन स्टॉप फिल्मी हरियाणा झांकी तैयार की गई। हरियाणा की इस झांकी ने देश-विदेश से आए प्रतिनिधियों, फिल्म निर्माताओं और दर्शकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर झांकी में राज्य की सांस्कृतिक विरासत, सिनेमा में हरियाणा, लोकेशन्स को कलात्मक तरीके से प्रस्तुत किया गया। हरियाणा की झांकी को लेकर देशी-विदेशी पर्यटक काफी आकर्षित नजर आए।

नॉनस्टॉप फिल्मी हरियाणा की थीम के साथ झांकी में दर्शाया गया कि हरियाणा ऐसा प्रदेश है जहाँ कहानियाँ मिट्टी में अंकुरित होती हैं और कला फसलों की खुशबू में अपना सौंदर्य संवारती है। फिल्म-कैमरे के अद्भुत रूप में सजी झांकी हरियाणा की रचनात्मक शक्ति के प्रतीक के रूप में संस्कृति, अपने लोगों और अपनी आवाज़ को दुनिया के सामने नए अंदाज़ में प्रस्तुत करती नज़र आई। कैमरे से निकलती सुनहरी किरणें राज्य की रचनात्मक चेतना, ऊर्जा और उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक बनीं। डिजिटल स्क्रीन पर उभरती झलकियों में हरियाणा की विरासत, पर्यटन, लोक-संस्कृति, थिएटर-कला और फिल्मांकन स्थलों की अनोखी दुनिया एक ही परदे पर जीवंत दिखाई दी।

झांकी में हरियाणा की फिल्म नीति का प्रभावी संदेश भी प्रदर्शित किया गया। झांकी में प्रदर्शित किया गया कि किस तरह गांव की चौपालों से निकली कहानियाँ आज विश्व के बड़े परदों तक पहुँच रही हैं। नीचे लहलहाते सरसों के सुनहरे खेत हरियाणा की समृद्ध परंपरा और इस मिट्टी में जन्म लेने वाली कहानियों की अनंत यात्रा के प्रतिबिंब की कहानी कहते नजर आए।

# संजौली मस्जिद विवाद, चौथे दिन खत्म हुआ हिंदू संगठनों का आमरण अनशन

## 29 नवंबर को प्रशासन के साथ होगी निर्णायक बैठक

**संजू | शिमला**
**समर न्यूज़**


विजय शर्मा ने जूस पीकर अनशन तोड़ा।-समर न्यूज़

शिमला के संजौली क्षेत्र में मस्जिद विवाद एक बार फिर तनाव का कारण बना हुआ है। पिछले चार दिनों से हिंदू संघर्ष समिति के बैनर तले हिंदू संगठनों के नेता आमरण अनशन पर बैठे थे। सोमवार को प्रशासन द्वारा सभी मांगों पर सकारात्मक ढंग से बातचीत करने के आश्वासन के बाद अनशनकर्ताओं ने अपना आमरण अनशन समाप्त कर दिया। हिंदू संघर्ष समिति से जुड़े नेता मदन ठाकुर और विजय शर्मा ने जूस पीकर अनशन तोड़ा।

अब प्रशासन और हिंदू संगठनों के प्रतिनिधियों के बीच 29 नवंबर को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में समिति के नेता विवाद से जुड़ी सभी मांगों और बिंदुओं पर प्रशासन के साथ विस्तृत चर्चा करेंगे। हिंदू संगठनों ने स्पष्ट किया है कि हालांकि आमरण अनशन समाप्त कर दिया गया है, लेकिन उनकी क्रमिक हड़ताल पूर्व की भांति जारी रहेगी।हिंदू रक्षा मंच के अध्यक्ष कमल गौतम ने बताया कि प्रशासन ने उनकी अधिकतर मांगों को सुनने और उन पर विचार करने का भरोसा दिया है। साथ ही प्रशासन और हिंदू संघर्ष समिति के सदस्यों की एक संयुक्त कमेटी बनाने पर सहमति बनी है, जो आगे की प्रक्रिया को देखेगी। उनका कहना है कि संगठन समाधान की दिशा में प्रशासन के साथ सहयोग करने को तैयार हैं, लेकिन उनकी मांगें पूरी होने तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। अनशन खत्म होने के बाद हालात तनावपूर्ण भी हो गए। कुछ प्रदर्शनकारी अचानक उग्र हो उठे और संजौली क्षेत्र में सड़क पर नारेबाज़ी करते हुए चक्का जाम कर दिया। इस दौरान कुछ देर के लिए यातायात पूरी तरह बाधित रहा। हालांकि, हिंदू संघर्ष समिति के नेताओं के हस्तक्षेप के बाद प्रदर्शनकारियों को शांत कराया गया और चक्का जाम समाप्त करवाया गया, जिसके बाद वाहनों की आवाजाही सामान्य हो गई। प्रदर्शनकारियों ने तुरंत प्रभाव से अवैध घोषित संजौली मस्जिद को हटाने की मांग दोहराई और स्थल पर कुछ समय तक नारेबाजी जारी रखी। अब नजरें 29 नवंबर की होने वाली बैठक पर हैं, जिससे विवाद के समाधान की उम्मीद की जा रही है।

# अब राजस्व सेवाएं एक क्लिक पर- 55,874 रजिस्ट्री पूरी तरह पेपरलेस

**समर न्यूज़ | शिमला**



मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशों के अनुरूप राज्य का राजस्व विभाग तेजी से डिजिटल रूपांतरण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। विभाग की नई तकनीकी पहलें न केवल कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी और कुशल बना रही हैं, बल्कि आम नागरिकों को भी बड़ी सुविधा प्रदान कर रही हैं। अब लोगों को अपने राजस्व संबंधी कार्य करवाने के लिए सरकारी दफ्तरों के बार-बार चक्कर नहीं लगाने पड़ते और अधिकांश सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध हो चुकी हैं। राज्य सरकार ने दो वर्ष पहले राजस्व प्रबंधन पोर्टल शुरू किया था, जो आज जनता के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हो रहा है। इस पोर्टल के माध्यम से अब तक 1,16,490 मामलों में आदेश ऑनलाइन अपलोड किए जा चुके हैं। साथ ही सभी महत्वपूर्ण राजस्व मामलों से संबंधित डेटा नियमित रूप से अपडेट किया जा रहा है, जिससे नागरिक घर बैठे ही एक क्लिक में अपने मामलों की स्थिति देख सकते हैं।

# निर्माणाधीन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बड़ा हादसा, शटरिंग गिरने से एक की मौत और तीन घायल


पुलिस अधीक्षक हितेश लखनपाल


यहां हुआ था हादसा।

**मंजूर पठान | चंबा**
**समर न्यूज़**

जिला मुख्यालय के पुलिस ग्राउंड के पास बन रहे नए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में गुरुवार शाम एक बड़ा हादसा पेश आया। निर्माणाधीन भवन में लेंटर डालने का काम चल रहा था कि अचानक शटरिंग ढह गई। शटरिंग गिरते ही नीचे काम कर रहे चार मजदूर इसकी चपेट में आ गए। हादसे की तीव्रता इतनी अधिक थी कि एक मजदूर की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस दल तुरन्त मौके पर पहुंचा और राहत बचाव कार्य शुरू किया। मलबे में दबे सभी मजदूरों को निकालकर एंबुलेंस की मदद से पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, चम्बा पहुंचाया गया। अस्पताल प्रशासन के अनुसार तीनों घायलों की स्थिति इस समय स्थिर है, जबकि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रखवा दिया गया है।

शटरिंग की मजबूती की ठीक से जांच नहीं होने के चलते यह दुर्घटना हुई। इस आधार पर पुलिस ने निर्माण कार्य की जिम्मेदारी संभाल रहे ठेकेदार के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस अधीक्षक हितेश लखनपाल ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि हादसे में एक मजदूर की मौत और तीन मजदूरों के घायल होने की जानकारी सामने आई है। उन्होंने कहा कि पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और निर्माण में लापरवाही बरतने पर ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी गई है।

# बीएड की खाली सीटों के लिए 22 नवंबर को अंतिम स्पॉट काउंसलिंग, प्रवेश परीक्षा न देने वाले भी होंगे शामिल

**धर्मवीर | मंडी**
**समर न्यूज़**



सरदार पटेल यूनिवर्सिटी, मंडी

सरदार पटेल यूनिवर्सिटी मंडी ने अपने संबद्ध कॉलेजों में बीएड की बची हुई खाली सीटों को भरने के लिए अंतिम चरण की काउंसलिंग का कार्यक्रम जारी कर दिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने घोषणा की है कि 22 नवंबर को स्पॉट राउंड काउंसलिंग आयोजित की जाएगी, जिसके जरिए बीएड कोर्स में एडमिशन के इच्छुक उम्मीदवारों को एक और मौका दिया जाएगा। खास बात यह है कि इस चरण में उन छात्रों को भी प्रवेश का अवसर दिया जाएगा जिन्होंने किसी कारणवश बीएड की प्रवेश परीक्षा या पिछले काउंसलिंग चरणों में हिस्सा नहीं लिया था।

यूनिवर्सिटी के अधिकार क्षेत्र में मंडी और कुल्लू जिलों के कुल 18 बीएड संस्थान आते हैं। छह चरणों की काउंसलिंग पूरी होने के बाद भी 1600 सीटों में से लगभग 450 सीटें खाली रह गई थीं। निजी बीएड कॉलेजों में आधे से अधिक सीटें रिक्त होने के कारण संचालक लगातार विश्वविद्यालय से आग्रह कर रहे थे कि उन्हें अपनी खाली सीटें स्वेच्छा से भरने की अनुमति दी जाए। हालांकि, विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह स्पष्ट किया कि सीटों को कॉलेजों के स्तर पर भरने की अनुमति नहीं दी जाएगी और सभी प्रवेश केवल विश्वविद्यालय द्वारा की जाने वाली स्पॉट काउंसलिंग के माध्यम से ही होंगे।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर ललित कुमार अवस्थी ने बताया कि 22 नवंबर को होने वाली इस अंतिम काउंसलिंग से अपेक्षा है कि अधिकांश या सभी सीटें भर दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि इस स्पॉट राउंड से उन सभी अभ्यर्थियों को लाभ होगा जो बीएड करने के इच्छुक हैं लेकिन अब तक नामांकन प्रक्रिया में शामिल नहीं हो सके।नि

जी कॉलेज संचालकों को भी इस चरण से बड़ी उम्मीदें हैं, क्योंकि इससे रिक्त सीटें भरने की संभावना बढ़ जाएगी। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने सभी अभ्यर्थियों से समय पर उपस्थित होकर दस्तावेजों के साथ स्पॉट काउंसलिंग में भाग लेने की अपील की है।

# ज्वाली के एयरफोर्स जवान संजीव का ड्यूटी के दौरान निधन

## अमृतसर में था तैनात बाइक स्लिप होने से हुआ हादसा, तिरंगे में लिपटा पार्थिव शरीर पहुंचते ही हरनोटा में मातम

**संजीव | नूरपुर**
**समर न्यूज़**




एयरफोर्स सार्जेंट संजीव कुमार को अंतिम श्रद्धांजलि देते हुए।-समर न्यूज़

ग्राम पंचायत हरनोटा के 33 वर्षीय एयरफोर्स सार्जेंट संजीव कुमार ड्यूटी के दौरान दुखद हादसे का शिकार होकर इस दुनिया को अलविदा कह गए। गरीबी से संघर्ष करते हुए उन्होंने वर्ष 2012 में एयरफोर्स में भर्ती होकर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया था।

उनके अचानक निधन की खबर जैसे ही गांव पहुंची, माहौल शोक से भर गया। वायुसेना की फूलों से सजी गाड़ी में तिरंगे में लिपटा उनका पार्थिव शरीर जब हरनोटा गांव पहुंचा, तो चारों ओर चीख–पुकार और मातम छा गया। घर के बाहर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी, हर कोई नम आंखों के साथ अपने वीर सपूत को अंतिम श्रद्धांजलि देने पहुंचा। माता-पिता, पत्नी और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। अमृतसर स्थित 1 एफबीएसयू यूनिट में तैनात संजीव बीते दिन ड्यूटी समाप्त कर बाइक से अपने क्वार्टर लौट रहे थे। यूनिट कैंपस के अंदर ही उनकी बाइक अचानक स्किड हो गई। हादसे के बाद साथियों ने उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया, लेकिन गंभीर चोटें लगने के कारण डॉक्टर उन्हें बचा नहीं पाए।

दो साल पहले ही उनका विवाह हुआ था, और अब उनके असमय निधन ने पूरे परिवार को झकझोर दिया है। गांव के उपप्रधान रफीक मुहम्मद संजू ने बताया कि संजीव अत्यंत सरल, मिलनसार और जिम्मेदार स्वभाव के व्यक्ति थे। उन्होंने कहा कि यूनिट के अंदर हुए इस हादसे ने सभी को स्तब्ध कर दिया है और परिवार इस दुख से उबर नहीं पा रहा।

# पड्डल में लगे अस्थायी मेले के विरोध में मंडी के व्यापारी सड़कों पर उतरे

**धर्मवीर | मंडी**
**समर न्यूज़**


मांगपत्र सौंपते व्यापारी।

मंडी नगर निगम द्वारा पड्डल मैदान में मांडव्य उत्सव के तहत लगाए गए अस्थायी मेले के विरोध में शुक्रवार को मंडी शहर के व्यापारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। सुबह से ही शहर के अधिकांश व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद रखीं और व्यापार मंडल के नेतृत्व में एक रोष रैली निकालकर असंतोष जताया। इसके उपरांत व्यापारियों ने एडीसी मंडी के माध्यम से प्रशासन को ज्ञापन सौंपा तथा मेले को जल्द हटाने की मांग रखी। व्यापार मंडल मंडी के प्रधान राजेश महेंद्रू ने स्पष्ट किया कि व्यापारी मेले और उत्सवों के विरोधी नहीं हैं, लेकिन उनके आयोजन के लिए एक निर्धारित समय-सीमा होना बेहद आवश्यक है। उन्होंने बताया कि प्रशासन की ओर से पहले आश्वासन दिया गया था कि यह मेला 20 नवंबर तक समेट दिया जाएगा, लेकिन मेला अब भी जारी है, जिससे स्थानीय व्यापारियों को प्रत्यक्ष आर्थिक नुकसान हो रहा है। उनके अनुसार, व्यापारियों की देनदारियां समय पर चुकानी होती हैं, और ऐसे अस्थायी मेले उनके नियमित कारोबार को प्रभावित करते हैं। व्यापारियों ने नगर निगम पर आरोप लगाया है कि इस आयोजन की जानकारी और योजना को स्थानीय व्यापारियों से छिपाया गया। राजेश महेंद्रू ने कहा कि जब मांडव्य उत्सव आयोजित करने की बात हुई थी, तब इसे शहर के भीतर आयोजित किए जाने की चर्चा थी, लेकिन बाद में स्थान बदलकर पड्डल मैदान कर दिया गया। व्यापारियों का कहना है कि यदि उन्हें पहले से इसकी जानकारी होती, तो वे इस आयोजन में सहयोग देने के लिए सहमत नहीं होते। व्यापार मंडल ने यह भी कहा कि स्थानीय दुकानें शहर में रोजगार और अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार हैं, और वे सरकार को टैक्स भी नियमित रूप से अदा करते हैं।

# जयराम ठाकुर बोले-पंचायत चुनाव को लेकर सरकार के विरोधाभासी बयान भ्रम पैदा कर रहे

**समर न्यूज़ | मंडी**


जयराम ठाकुर।-समर न्यूज़

पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सराज विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान सुक्खू सरकार पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव को लेकर सरकार, मंत्रियों और अधिकारियों के विरोधाभासी बयान प्रदेश में भ्रम की स्थिति पैदा कर रहे हैं। ठाकुर ने कहा कि राज्य चुनाव आयुक्त को राज्यपाल को रिपोर्ट सौंपनी पड़ी है, जो सरकार के अड़ियल रवैए को दर्शाता है। जयराम ठाकुर ने सवाल उठाया कि जब मंत्री चुनाव समय पर कराने की बात कर रहे हैं, तो फिर देरी किसके इशारे पर हो रही है? उन्होंने कहा कि सरकार एक ओर बड़े सरकारी व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर रही है, वहीं दूसरी ओर पंचायत चुनावों पर असमंजस की स्थिति बनाए हुए है। सड़क बहाली और आपदा प्रबंधन पर सवालपूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्री दावा कर रहे हैं कि प्रदेश में 1600 से अधिक सड़कें बहाल हो चुकी हैं, जबकि मुख्यमंत्री कहते हैं कि सड़क नेटवर्क अब भी अस्त-व्यस्त है। ठाकुर ने पूछा कि डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट लागू होने के बाद मुख्यमंत्री ने कितने आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया है और 3615 पंचायतों में से कितनी अब भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पंचायत चुनाव टालना लोकतांत्रिक अधिकारों पर प्रहार है और इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नुकसान होगा। मनरेगा ठप रहने से गरीब वर्ग पर सबसे बड़ा असर पड़ रहा है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डीबीटी प्रणाली से करोड़ों लोगों को लाभ मिल रहा है, तो हिमाचल में आपदा राहत इसी माध्यम से क्यों नहीं दी जा रही। उन्होंने एचआरटीसी पेंशन का मुद्दा उठाते हुए कहा कि 21 तारीख बीत जाने के बावजूद पेंशनर अपनी पेंशन का इंतजार कर रहे हैं।

# ऊना में एडीसी के सरकारी आवास में भीषण आग दमकल विभाग ने समय रहते टाला बड़ा हादसा

**राकेश | ऊना**
**समर न्यूज़**


दमकल विभाग की टीम आग पर काबू पाते हुए।

ऊना जिले में उपायुक्त कार्यालय के पास स्थित सहायक उपायुक्त (एडीसी) महेंद्र पाल गुर्जर के सरकारी आवास में आज सुबह अचानक आग भड़क उठी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। घटना सुबह के समय घटित हुई, जब एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर किसी कार्य से बाहर गए हुए थे। उसी दौरान घर की ऊपरी मंजिल पर बने एक कमरे में अचानक धुआं उठने लगा और देखते ही देखते आग ने जोर पकड़ लिया।

एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर ने बताया कि घटना की जानकारी उन्हें उनकी पत्नी ने फोन पर दी। उन्होंने बताया कि कमरे में शॉर्ट सर्किट होने से अचानक आग लग गई, जिसके बाद धुआं फैलने लगा। सूचना मिलते ही उन्होंने तुरंत फायर विभाग को फोन किया। दमकल विभाग की टीम कुछ ही मिनटों में मौके पर पहुंची और समय रहते आग पर काबू पा लिया। हालांकि आग बुझा दी गई, लेकिन ऊपर का कमरा पूरी तरह जलकर राख हो गया। आगजनी की इस घटना में घर का काफी कीमती सामान भी नष्ट हो गया है। फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अन्य महत्वपूर्ण वस्तुएं जलकर खाक हो गईं। हालांकि राहत की बात यह रही कि घटना के समय कोई भी व्यक्ति उस कमरे में मौजूद नहीं था, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। दमकल विभाग की त्वरित कार्रवाई के कारण घर के अन्य हिस्सों को आग की चपेट में आने से बचा लिया गया। यदि आग कुछ देर और चलती रहती, तो नुकसान और भी अधिक हो सकता था। फिलहाल फायर विभाग ने आग लगने के कारणों की पुष्टि के लिए घटनास्थल का निरीक्षण किया है और कहा है कि प्रारंभिक संकेत शॉर्ट सर्किट की तरफ इशारा कर रहे हैं। ए डीसी महेंद्र पाल गुर्जर ने दमकल कर्मियों की त्वरित प्रतिक्रिया की सराहना की और कहा कि उनकी तेज कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया।

# भारत–दक्षिण अफ्रीका टी-20 मुकाबले की तैयारियां तेज, 22 नवंबर को प्रशासन और एचपीसीए की अहम बैठक

**राहुल | धर्मशाला**
**समर न्यूज़**


धर्मशाला का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम।

धर्मशाला के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में अगले महीने होने वाले भारत–दक्षिण अफ्रीका टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले को लेकर तैयारियां जोर पकड़ रही हैं। जिला प्रशासन और हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन मैच से संबंधित तमाम व्यवस्थाओं पर समन्वय स्थापित करने के लिए 22 नवंबर को एक महत्वपूर्ण कोऑर्डिनेशन मीटिंग आयोजित करने जा रहे हैं। इस हाई-लेवल बैठक में सुरक्षा, ट्रैफिक, पार्किंग, आपातकालीन सेवाओं सहित दर्शकों की सुविधाओं को प्राथमिकता के साथ समीक्षा की जाएगी। धर्मशाला जैसे पर्यटन एवं खेल नगरी के लिए अंतरराष्ट्रीय मैचों का आयोजन बेहद अहम माना जाता है। मैच के दौरान शहर में बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचते हैं, जिनमें देश-विदेश के पर्यटक भी शामिल होते हैं। इसे देखते हुए जिला प्रशासन हर बार की तरह इस बार भी मजबूत सुरक्षा घेरा तैयार कर रहा है। शहर में पुलिस बल की विशेष तैनाती, भीड़ नियंत्रण, और स्टेडियम के अंदर-बाहर कड़े सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित किए जाएंगे। यातायात विभाग भी मैच के दिन जाम की समस्या से बचने के लिए पहले से प्लान तैयार करेगा। पिछले आयोजनों को देखते हुए पार्किंग स्थलों का विस्तार, शटल सेवाओं की उपलब्धता और वैकल्पिक मार्गों की पहचान पर भी चर्चा की जाएगी। प्रशासन का लक्ष्य है कि दर्शकों की आवाजाही सुगम रहे और किसी भी स्थिति में असुविधा न हो। कांगड़ा के उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि धर्मशाला स्टेडियम 14 दिसंबर को भारत–दक्षिण अफ्रीका टी-20 मुकाबले का गवाह बनेगा। उन्होंने कहा कि 22 नवंबर की समन्वय बैठक में सभी संबंधित विभागों के साथ तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। स्टेडियम के अंदर व्यवस्थाएं, दर्शक प्रवेश-निकास, मेडिकल सहायता, फायर सेफ्टी और वीआईपी प्रबंधन जैसे बिंदुओं पर विशेष रूप से चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन का प्रयास रहेगा कि हर बार की तरह इस बार भी दर्शकों को उत्कृष्ट सुविधाएं उपलब्ध हों और वे किसी परेशानी के बिना अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस रोमांचक मुकाबले का आनंद उठा सकें।

**तेजाब कांड**

## न्याय के लिए आज निकाला जाएगा कैंडल मार्च, आरोपी पर अब हत्या का केस

# हमले की शिकार ममता का पुलिस सुरक्षा में अंतिम संस्कार

**धर्मवीर | मंडी**
**समर न्यूज़**



पुलिस सुरक्षा में पीड़िता का अंतिम संस्कार।-समर न्यूज़

मंडी में हुए दिल दहला देने वाले तेज़ाब हमले की शिकार ममता का शुक्रवार को पुलिस सुरक्षा के बीच अंतिम संस्कार कर दिया गया। पीजीआई चंडीगढ़ में छह दिन तक जिंदगी और मौत से जूझने के बाद बुधवार रात करीब पौने 12 बजे ममता ने दम तोड़ दिया था। पोस्टमार्टम के उपरांत गुरुवार शाम उसके पार्थिव शरीर को मंडी लाया गया, जिसके बाद शुक्रवार सुबह शहर के हनुमान घाट में अंतिम संस्कार संपन्न हुआ।

**ममता ने मरने से पहले बताई थी अपनी अंतिम इच्छा**

ममता ने मरने से पहले अपनी अंतिम इच्छा व्यक्त करते हुए कहा था कि उनका अंतिम संस्कार हनुमान घाट में ही किया जाए। उनकी इसी इच्छा को पूरा करने के लिए परिवार और प्रशासन ने विशेष व्यवस्था की। मामले की गंभीरता और लोगों में बढ़ते आक्रोश को देखते हुए हनुमान घाट में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए मंडी पुलिस ने पहले से ही सुरक्षा घेरा तैयार कर लिया था। अंतिम संस्कार के दौरान माहौल भावुक हो उठा जब ममता के बेटे ने अपनी मां को मुखाग्नि दी।इस जघन्य घटना ने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया है। ममता को न्याय दिलाने की मांग अब एक जन-आंदोलन बन चुकी है। इसी क्रम में आज शाम 6 बजे आईआईटी मंडी गेट से चौहट्टा बाजार तक एक कैंडल मार्च निकाला जाएगा। सोशल मीडिया पर भी न्याय की आवाज बुलंद हो रही है। स्थानीय लोग, सामाजिक संगठन और ममता के परिजन आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग कर रहे हैं।

**मौत से पहले ममता ने एक कागज़ पर दिया अपना बयान**

बताया जा रहा है कि मौत से पहले ममता ने एक कागज़ पर अपना बयान भी लिखा था, जिसमें उसने अपने पति नंदलाल को कठोर दंड देने की अपील की थी। घटना 15 नवंबर की शाम की है, जब आरोपी नंदलाल ने ममता पर पहले तेज़ाब फेंका और फिर उसे घर की छत से नीचे धक्का दे दिया। तेज़ाब से झुलसी और गंभीर चोटों से ग्रस्त ममता को पड़ोसियों ने तुरंत मंडी अस्पताल पहुंचाया। यहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें पहले एम्स बिलासपुर और फिर पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया, जहां वह उपचार के दौरान चल बसीं।

**महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल**

घटना के दिन ही मंडी पुलिस ने आरोपी नंदलाल को गिरफ्तार कर लिया था। एसपी मंडी अभिमन्यु वर्मा ने पुष्टि की है कि अब आरोपी के खिलाफ हत्या (मर्डर) के मामले में कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस तेजी से सबूत जुटा रही है और न्याय सुनिश्चित करने के लिए हर स्तर पर कार्रवाई जारी है।मंडी तेज़ाब कांड ने समाज में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं और लोग उम्मीद कर रहे हैं कि ममता को जल्द न्याय मिलेगा।

# 17 देशों के विशेषज्ञों ने पूरा किया अंतरराष्ट्रीय दवा गुणवत्ता प्रशिक्षण

» 22 विदेशी प्रतिभागियों ने लिया आधुनिक विश्लेषण तकनीकों का हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़



बेसिक प्रिंसिपल्स एंड एप्लीकेशन्स फॉर क्वालिटी असेसमेंट ऑफ ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल्स फॉर एक्सपोर्ट" का सफल आयोजन किया गया।
इस कार्यक्रम में 16 देशों— बांग्लादेश, कोस्टा रिका, मिस्र, इथियोपिया, इराक, जॉर्डन, मालदीव, रवांडा, श्रीलंका, सिएरा लियोन, थाईलैंड, ताजिकिस्तान, तंजानिया, उज्बेकिस्तान, वियतनाम तथा जाम्बिया के 22 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 17 विभिन्न देशों से कुल 25 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। प्रतिभागी देशों में बांग्लादेश, कोस्टा रिका, मिस्र, इथियोपिया, इराक, जॉर्डन, मालदीव, रवांडा, श्रीलंका, सिएरा लियोन, थाईलैंड, ताजिकिस्तान, तंज़ानिया, युगांडा, उज़्बेकिस्तान, वियतनाम और ज़ाम्बिया शामिल हैं। प्रतिभागियों में औषधि नियामक निकायों, उद्योग, शिक्षाविदों, फार्मासिस्टों तथा गुणवत्ता नियंत्रण से जुड़े विशेषज्ञ सम्मिलित थे।
आज संस्थान के कन्वेंशन सेंटर में आयोजित समापन समारोह में पाठ्यक्रम समन्वयक प्रो. संजय जाचक ने कार्यक्रम की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण अवधि के दौरान 19 वैज्ञानिक व्याख्यान आयोजित किए गए तथा अत्याधुनिक विश्लेषणात्मक उपकरणों पर 10 हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए। प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रतिभागियों को नेशनल एग्री-फूड बायोटेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट मोहाली तथा नाईपर के नेचुरल प्रोडक्ट्स फील्ड लैबोरेटरी का शैक्षणिक भ्रमण भी कराया गया।
नाईपर, मोहाली के निदेशक प्रो. दुलाल पांडा ने अपने संबोधन में भारत के आईटैक प्रशिक्षण कार्यक्रम के इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतिभागियों को नाईपर मोहाली में उपलब्ध उच्च-स्तरीय शैक्षणिक अवसरों की जानकारी देते हुए आग्रह किया कि वे अपने-अपने दूतावासों को यहाँ के शैक्षणिक कार्यक्रमों की सिफारिश करें ताकि उनके देश के छात्र भी नाईपर में शिक्षा का लाभ ले सकें।
प्रतिभागियों ने मंच पर अपने अनुभव साझा किए और उन्हें कार्यक्रम में भागीदारी के प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।
समारोह के अंत में विंग कमांडर पी.जे.पी. सिंह वरैच, रजिस्ट्रार, नाईपर मोहाली ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। उन्होंने विदेश मंत्रालय के आईटैक प्रभाग तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय का नाईपर पर विश्वास व्यक्त करने हेतु आभार जताया। साथ ही उन्होंने निदेशक नाईपर, प्रो. संजय जाचक, समिति के सदस्यों, गेस्ट हाउस प्रबंधन तथा सभी सहयोगियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन में योगदान हेतु धन्यवाद दिया।



## हेल्थ टीमों ने ज्यादा खतरे वाले इलाकों में की चेकिंग

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़

'हर शुक्रवार, डेंगू वॉर' कैंपेन के तहत, डिस्ट्रिक्ट हेल्थ डिपार्टमेंट की टीमों ने आज ज्यादा खतरे वाले इलाकों में इंस्पेक्शन और जागरूकता गतिविधियां कीं। सिविल सर्जन डॉ. संगीता जैन की लीडरशिप में, डिस्ट्रिक्ट के सभी सीनियर मेडिकल ऑफिसर और हेल्थ वर्कर ने आज डेंगू बुखार के लिए ज़िम्मेदार मच्छरों के लार्वा ढूंढने के लिए कंटेनर चेक किए और मच्छरों के पनपने की दूसरी संभावित जगहों का भी इंस्पेक्शन किया। उन्होंने लोगों को डेंगू बुखार के लक्षण, कारण, बचाव और इलाज के बारे में भी डिटेल में बताया और अपील की कि किसी भी जगह पानी जमा न होने दें। इंस्पेक्शन टीमों में खास तौर पर रूरल हेल्थ सैनिटेशन कमेटियों और रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के नुमाइंदे, मेंबर और नर्सिंग कॉलेजों के स्टूडेंट्स शामिल थे। सिविल सर्जन ने बताया कि पंजाब सरकार के निर्देशों पर पूरे जिले में 'हर शुक्रवार, डेंगू से लड़ो' कैंपेन जोर-शोर से चल रहा है। जहां अधिकारी और दूसरे स्टाफ घर-घर जाकर सर्वे कर रहे हैं, वहीं चालान काटने का प्रोसेस भी किया जा रहा है। सर्वे के दौरान कंटेनर, गमले, कूलर, फ्रिज, बॉक्स और दूसरी चीजों की चेकिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि डेंगू से बचने का एकमात्र असरदार तरीका है कि किसी भी जगह पानी जमा न होने दें। डॉ. जैन ने बताया कि डेंगू बुखार फैलाने वाले मच्छर का लार्वा कुछ ही दिनों में खतरनाक मच्छर का रूप ले लेता है जो किसी इंसान की जान भी ले सकता है।

## श्री सुखमणि ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में साइबर अपराध जागरूकता शिविर का आयोजन




प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़

श्री सुखमणि ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, डेराबस्सी ने छात्रों और कर्मचारियों को आज के डिजिटल परिदृश्य में बढ़ते खतरों के बारे में शिक्षित करने के उद्देश्य से एक साइबर अपराध जागरूकता शिविर का आयोजन किया। पंजाब राज्य साइबर अपराध प्रकोष्ठ, मोहाली के अधिकारियों इंस्पेक्टर मनीषा वर्मा और इंस्पेक्टर मनजिंदर सिंह ने आधुनिक साइबर खतरों और सुरक्षा प्रथाओं पर केंद्रित व्यावहारिक प्रस्तुतियों के साथ दर्शकों को संबोधित किया।
अधिकारियों ने स्मार्टफोन, सोशल मीडिया और डिजिटल भुगतान प्लेटफार्मों के बढ़ते उपयोग के कारण, विशेष रूप से युवाओं में, साइबर धोखाधड़ी के मामलों में तेज वृद्धि पर चर्चा की । उन्होंने प्रतिभागियों को यह समझने में मदद करने के लिए वास्तविक जीवन की घटनाओं को साझा किया कि साइबर अपराधी विभिन्न ऑनलाइन स्थानों पर कैसे काम करते हैं।
संकाय और कर्मचारियों ने इंटरैक्टिव सत्र में सक्रिय रूप से भाग लिया और विशेषज्ञों द्वारा साझा किए गए व्यावहारिक उदाहरणों और वास्तविक जीवन के मामलों की सराहना की । इस कार्यक्रम का उद्देश्य साइबर जागरूकता को मजबूत करना और संस्थान के भीतर एक सुरक्षित डिजिटल वातावरण को बढ़ावा देना था। प्रतिभागियों को विभिन्न प्रकार की साइबर धोखाधड़ी के बारे में जानकारी दी गई।
नकली क्यूआर कोड और असुरक्षित लिंक वाले यूपीआई और ऑनलाइन भुगतान घोटाले, पैसे की मांग के लिए सोशल मीडिया हैकिंग और प्रतिरूपण का उपयोग, धोखाधड़ी वाले प्रस्तावों के साथ छात्रों को लक्षित करने वाले नौकरी और ऋण घोटाले, सेक्सटॉर्शन और ऑनलाइन उत्पीड़न के मामले, वित्तीय नुकसान के लिए फर्जी ग्राहक सेवा नंबर, अग्रिम भुगतान से जुड़े ऑनलाइन शॉपिंग और ओएलएक्स धोखाधड़ी, अनधिकृत बैंक पहुंच के उद्देश्य से ओटीपी और केवाईसी सत्यापन घोटाले।

## आप ने जिला परिषद चुनाव के लिए हरपाल जुनेजा को जोन इंचार्ज लगाया

समर न्यूज़ | मोहाली



आम आदमी पार्टी ने पंजाब में होने वाले ज़िला परिषद और ब्लॉक समिति चुनावों को ध्यान में रखते हुए एसएएस नगर जिला समिति की घोषणा कर दी है। पार्टी ने वरिष्ठ नेताओं और विधायकों को अहम जिम्मेदारियां सौंपी हैं, जिनमें हरपाल सिंह चीमा मंत्री इंचार्ज, मलविंदर सिंह कांग लोकसभा सांसद, जगदीप सिंह जग्गा राज्य सचिव, कुलजीत सिंह रंधावा, अनमोल गगन मान और कुलवंत सिंह विधायक सदस्य, प्रभजोत कौर जिला इंचार्ज, सुभाष चंद शर्मा जिला सचिव, करमजीत चौहान, नवदीप सैनी और गोविंदर मित्तल हल्का संगठन इंचार्ज, जबकि हरपाल जुनेजा ज़ोन इंचार्ज बनाए गए हैं। पार्टी नेतृत्व का कहना है कि यह समिति बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करेगी, चुनावी प्रबंधन, उम्मीदवार चयन और प्रचार रणनीति पर काम करेगी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच बढ़ाकर सरकार की नीतियों को मतदाताओं तक ले जाएगी। सूत्रों के अनुसार, एसएएस नगर जिला शहरी और ग्रामीण मिश्रण होने के कारण रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है और नेतृत्व को उम्मीद है कि नई समिति चुनावों में पार्टी को बेहतर नतीजे दिलाएगी।

## जन सेवा की मिसाल रहे रिशव जैन को भावपूर्ण अंतिम विदाई, रसम पगड़ी में उमड़ा जनसैलाब

प्रदीप सिंह हैप्पी | समर न्यूज़
मोहाली



नगर निगम के तीन बार पार्षद, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर, पूर्व जिला प्रधान कांग्रेस कमेटी मोहाली तथा मौजूदा पार्षद रहे रिशव जैन की अंतिम अरदास और रसम पगड़ी का आयोजन फेज-11 स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में श्रद्धा और भावुक माहौल में संपन्न हुआ। उनकी मौत से मोहाली की सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक हलकों में गहरा शोक व्याप्त है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आमजन, धार्मिक संस्थाओं, सामाजिक संगठनों सहित सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।
इस दौरान मोहाली के विधायक कुलवंत सिंह, मेयर अमरजीत सिंह जीती सिद्धू, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बलबीर सिंह सिद्धू, डिप्टी मेयर कुलजीत सिंह बेदी, पूर्व डिप्टी मेयर मनजीत सिंह सेठी, नरपींदर सिंह रंगी, भाजपा के उपप्रधान डॉ. सुभाष शर्मा, जिला प्रधान संजीव वशिष्ट, समाजसेविका आभा बंसल, कांग्रेस के नेता विजय शर्मा टिंकू, बन्नी कंग समेत कई प्रमुख नेताओं ने उनकी जनसेवा, सरल स्वभाव और लोगों के साथ गहरे जुड़ाव को याद किया। मोहाली में पहली बार नगर निगम बनने पर वे सीनियर डिप्टी मेयर चुने गए। इसके अलावा कांग्रेस के जिला प्रधान के रूप में भी उन्होंने लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता दी। उनकी धर्मपत्नी राजधनी जैन भी कई बार पार्षद रह चुकी हैं और वर्तमान पार्षद के रूप में सक्रिय हैं।

## 22 स्कूलों में मास काउंसलिंग प्रोग्राम करवाया गया

प्रदीप सिंह हैप्पी | समर न्यूज़
मोहाली

डिप्टी कमिश्नर मोहाली के डायरेक्शन में डिस्ट्रिक्ट एम्प्लॉयमेंट एंड बिज़नेस ब्यूरो मोहाली की तरफ़ से एक मास काउंसलिंग प्रोग्राम ऑर्गनाइज़ किया जा रहा है। जिसमें आज 17 नवंबर 2025 से 20 नवंबर 2025 तक मोहाली जिले के 22 स्कूलों सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल जारौंट, सरकारी हाई स्कूल सरासिनी, सरकारी हाई स्कूल झामरी, सरकारी हाई स्कूल बट्टा, सरकारी हाई स्कूल सनेटा, सरकारी हाई स्कूल मियांपुर चंगर, सरकारी हाई स्कूल मानकपुर शरीफ, सरकारी हाई स्कूल कुब्बाहेड़ी, सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल स्क्रूलनपुर, सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल गोबिंदगढ़, सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुर्री, सरकारी हाई स्कूल मोटेमाजरा, सरकारी हाई स्कूल तंगोरी, सरकारी हाई स्कूल बाकरपुर, स्कूल ऑफ एमिनेंस डेराबस्सी, सरकारी हाई स्कूल बलोंगी, सरकारी हाई स्कूल दौन, सरकारी हाई स्कूल भुखेरी, सरकारी हाई स्कूल देसूमाजरा, सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल मजातरी, सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल झंजेरी, सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल समरोली में सामूहिक काउंसलिंग प्रोग्राम करवाया जाएगा। जिसमें वोकेशनल एक्सपर्ट्स ने 10वीं और 12वीं के बाद स्टूडेंट्स के लिए अलग-अलग फील्ड में मौजूद करियर के मौकों और सेल्फ-एम्प्लॉयमेंट के बारे में जानकारी दी।

## वरिष्ठ नागरिकों के लिए साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



प्रदीप सिंह हैप्पी | समर न्यूज़
मोहाली

सी.एस.सी.ए चैप्टर मूनलाइट द्वारा सेंट्रल डिटेक्टिव ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (सी.डी.टी.आई), में साइबर फ्रॉड्स एवं साइबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट के सहयोग से किया गया, जिसका उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने हेतु आवश्यक ज्ञान प्रदान करना था।
कार्यक्रम के तीन घंटे के इंटरैक्टिव सत्र में उभरते साइबर खतरे, वरिष्ठ नागरिकों को निशाना बनाने वाली विभिन्न धोखाधड़ी की तकनीकें, तथा ऑनलाइन सुरक्षा के व्यावहारिक उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। सी.डी.टी.आई के विशेषज्ञ संकाय गुरचरण सिंह ने वास्तविक मामलों, लाइव डेमो और सरल, उपयोगी तरीकों के माध्यम से फ़िशिंग, पहचान चोरी, डिजिटल अरेस्ट, वित्तीय धोखाधड़ी एवं अन्य साइबर जोखिमों से बचाव की जानकारी अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत की।
चैप्टर मूनलाइट के सदस्यों ने बड़े उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया और अपने विभिन्न प्रश्नों तथा चिंताओं पर विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। प्रतिभागियों ने सी.डी.टी.आई एवं बी.पी.आर.डी के विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुत सत्रों की स्पष्टता, गहराई और व्यावहारिक उपयोगिता की भरपूर सराहना की।
चैप्टर मूनलाइट ने सी.डी.टी.आई के निदेशक डॉ. कुलवंत सिंह एवं प्रतिष्ठित संकाय का हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया, जिन्होंने वरिष्ठ नागरिकों में साइबर जागरूकता बढ़ाने के लिए निरंतर सहयोग प्रदान किया। आज की तेजी से बदल रही तकनीकी दुनिया में ऐसे कार्यक्रम वरिष्ठ नागरिकों को आत्मविश्वासी, जागरूक एवं सुरक्षित रहने में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं।

## फिशरीज विभाग ने जागरूकता कैंप लगाया, 50 से अधिक किसानों ने ली ट्रेनिंग



प्रदीप सिंह हैप्पी | समर न्यूज़
मोहाली

21 नवंबर को डेराबस्सी तहसील के गांव हमायुपुर में आत्मा स्कीम के साथ मिलकर वर्ल्ड फिशरीज़ डे धूमधाम से मनाया गया। यह इवेंट डायरेक्टर और वार्डन फिशरीज़ डिपार्टमेंट, पंजाब की गाइडलाइंस के अनुसार ऑर्गनाइज़ किया गया था। इस इवेंट का मुख्य मकसद किसानों में मॉडर्न फिश फार्मिंग टेक्नीक के बारे में अवेयरनेस फैलाना और उन्हें डिपार्टमेंट द्वारा चलाई जा रही अलग-अलग फायदेमंद स्कीम/प्लान के बारे में अवेयर करना था।
कैंप के दौरान, मिसेज़ हरदीप कौर, असिस्टेंट डायरेक्टर, फिशरीज़ डिपार्टमेंट और मिसेज़ जगदीप कौर, फिशरीज़ ऑफिसर ने फिशरीज़ डिपार्टमेंट की स्कीम के तहत दी जा रही फैसिलिटी - जैसे सब्सिडी, टेक्निकल जानकारी, ट्रेनिंग और फाइनेंशियल मदद के बारे में डिटेल में जानकारी दी।
इस इवेंट में 50 से ज़्यादा मछली पालकों ने हिस्सा लिया। गांव के सरपंच दलबीर सिंह, पंच बिंदर सिंह और दूसरे साथियों ने भी इवेंट में हिस्सा लिया। किसानों ने कैंप की तारीफ़ की और डिपार्टमेंट की दी गई जानकारी में गहरी दिलचस्पी दिखाई।

## चंडीगढ़ में पार्किंग शुल्क को लेकर बवाल

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

सेक्टर-17 में पार्किंग शुल्क को लेकर शुक्रवार दोपहर माहौल अचानक तनावपूर्ण हो गया। नगर निगम कार्यालय के सामने स्थित पार्किंग में कर्मचारियों और बाइक सवार दो युवकों के बीच कहासुनी इतनी बढ़ गई कि मामला मारपीट तक पहुंच गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर डंडे और हेलमेट से हमला किया।
प्रत्यक्षदर्शी राकेश कुमार के अनुसार, वह अपनी बाइक पार्क कर रहे थे कि तभी दो युवक पहुंचे और पार्किंग शुल्क को लेकर पर्ची काट रहे कर्मचारी से विवाद करने लगे। कुछ ही मिनटों में बात गाली-गलौज से आगे बढ़ी और दोनों तरफ से लात-घूंसे चलने लगे। इसी दौरान पार्किंग कर्मचारी ने डंडा उठाकर वार किया, जबकि एक युवक ने हेलमेट का इस्तेमाल हथियार की तरह किया। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि यह पूरा झगड़ा नगर निगम दफ्तर के ठीक सामने और सेक्टर-17 पुलिस स्टेशन से कुछ ही दूरी पर हुआ, लेकिन मौके पर एक भी पुलिसकर्मी समय पर नहीं पहुंचा। मारपीट के दौरान काफी लोगों की भीड़ जमा हो गई, पर किसी ने झगड़ा रोकने की कोशिश नहीं की। कई लोग केवल अपने मोबाइल पर वीडियो बनाते नजर आए।
काफी देर तक चले हंगामे के बाद दोनों पक्ष वहां से चले गए। फिलहाल पुलिस पार्किंग झगड़े के वीडियो और चश्मदीदों के बयान जुटाकर मामले की जांच कर रही है।

### मर्डर की साजिश पर निकले वांटेड समेत 3 लूटेरे पंचकूला पुलिस की गिरफ्त में

# नैक्सन कार, 2 अवैध देसी कट्टे व 6 जिंदा कारतूस बरामद

समर न्यूज़ | मोहाली




पंचकूला पुलिस की तत्परता ने एक बड़ी आपराधिक वारदात को होने से पहले ही रोक दिया। क्राइम ब्रांच सेक्टर-26 ने तीन ऐसे शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है, जो एक युवक की हत्या की साजिश भी रच रहे थे।
डीसीपी क्राइम मनप्रीत सिंह सूदन के अनुसार, 19 नवंबर की सुबह करीब 6 बजे चार युवकों द्वारा रामगढ़ पुल के नीचे गन प्वाइंट पर एक टैक्सी चालक से टाटा नेक्सन कार लूटने की सूचना मिली। पुलिस ने तुरंत ड्राइवर से पूछताछ की, जिसमें पता चला कि कार इनड्राइव ऐप से बुक की गई थी। जांच में खुलासा हुआ कि बुकिंग जिस मोबाइल से हुई, वह 18 नवंबर को चंडीगढ़ में स्नैच किया गया था। यानी आरोपी योजना बनाकर पहले मोबाइल छीना, फिर उसी से टैक्सी बुक कर कार लूट ली। साइबर सेल की तकनीक की मदद से पुलिस ने सिर्फ 10 घंटे में आरोपियों के ठिकाने का पता लगा लिया। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज और इंस्पेक्टर दलीप सिंह की टीम ने पौंटा साहिब में छापा मारकर दो आरोपियों—रोहित धीमन और बिट्टू ठाकुर—को पकड़ा। इसके बाद पुलिस ने खिजराबाद, यमुनानगर में दबिश देकर तीसरे आरोपी सतबीर को लूटी गई कार, दो देसी कट्टों और छह जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया। सतबीर पौंटा साहिब में हत्या के प्रयास के मामले में वांछित था। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे पौंटा साहिब के युवक ऋषभ की हत्या की योजना बना रहे थे। पहचान न खुले, इसलिए उन्होंने लूटी गई कार का इस्तेमाल करने की योजना बनाई थी।
अदालत ने सतबीर और रोहित को 6 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है, जबकि बिट्टू को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस चौथे फरार आरोपी की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है।

## ऑपरेशन ट्रैकडाउनः पुलिस ने 70 अपराधियों को दबोचा, बड़ी वारदातें होने से पहले रोकीं

समर न्यूज़ | पंचकूला



5 से 20 नवंबर तक अपराध पर कड़ा नियंत्रण स्थापित करने के लिए चलाए गए ऑपरेशन ट्रेकडाउन के तहत पंचकूला पुलिस ने संगठित अपराध, लूट, डकैती, स्नैचिंग, अवैध हथियार, नशा तस्करी और जमानत पर बाहर घूम रहे अपराधियों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि पुलिस टीमों ने दिन-रात फील्ड में रहकर, नाकों से लेकर गलियों तक हर जगह कड़ी निगरानी रखी। इस सतर्कता का नतीजा रहा कि पुलिस ने 70 अपराधियों को गिरफ्तार किया और 6 संभावित हत्याएं, 13 लूट/डकैती और 7 स्नैचिंग की वारदातों को पहले ही रोक दिया। पुलिस ने जिले के कुख्यात अपराधियों के विश्लेषण के आधार पर 9 शातिरों पर संगठित अपराध की धाराएँ लगाईं, जिससे वे कम से कम 90 दिन जेल में रहेंगे। वहीं 34 बदमाशों की हिस्ट्रीशीट खोलकर उन्हें निगरानी में रखा गया। अभियान के दौरान 8 अपराधियों की जमानत रद्द कराई गई। सिर्फ गिरफ्तारी ही नहीं, पुलिस ने अपराधियों की अवैध कमाई पर भी प्रहार किया। 7 आरोपियों की संपत्तियों की जांच शुरू की गई और बरवाला के हेप्पी तथा खड़क मंगोली के राजेश की अवैध संपत्तियों को ध्वस्त किया गया। बरामदगी में पुलिस ने 9 देसी पिस्टल/कट्टे, 1 रिवॉल्वर, 15 कारतूस, 2 चाकू, 5.20 लाख नकद, 71 ग्राम सोना, 4 कारें, 7 बाइक और 384 अवैध शराब की बोतलें जब्त कीं। डीसीपी सूदन ने बताया कि जमानत पर आए अपराधियों की लगातार चैकिंग की जा रही है। कमिश्नर शिवास कविराज ने कहा कि ऑपरेशन ट्रेकडाउन की यह सिर्फ शुरुआत है। अपराधियों की आर्थिक जड़ों को तोड़ने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई जारी रखेगी।



# स्ट्रीट डॉग्स पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद कई नकारात्मक प्रभाव सामने आने वाले हैं : सोनाली

**नई दिल्ली**। हिंदी सिनेमा और टेलीविजन की दुनिया में कई ऐसे स्टार्स हैं, जो हमेशा से पशु अधिकारों के लिए आवाज उठाते आए हैं। रवीना टंडन और सोनाली बेंद्रे से लेकर रूपाली गांगुली तक स्ट्रीट डॉग्स के लिए आवाज उठाती रही हैं। अब सोनाली बेंद्रे ने आवारा कुत्तों को लेकर दिए सुप्रीम कोर्ट के फैसले के नकारात्मक प्रभाव बताए हैं और डिटेल के साथ एक पोस्ट शेयर किया है। सोनाली बेंद्रे खुद का पॉडकास्ट शो चलाती है, जो पशु अधिकारों और उनकी परवरिश पर बात करता है। इसी पॉडकास्ट शो के साथ एक्ट्रेस ने स्ट्रीट डॉग्स को लेकर पोस्ट शेयर किया है जिसमें लिखा है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद कई नकारात्मक प्रभाव सामने आने वाले हैं। हमारे पास कुत्तों को रखने के लिए शेल्टर होम नहीं है, इतने सारे कुत्तों को साथ रखने से उनमें बीमारियों




का खतरा बढ़ जाएगा और जो लोग कुत्तों से नफरत करते हैं, वे गलत तरीकों से उनके साथ दुर्व्यवहार करेंगे।

पोस्ट में लिखा है कि लोकल लोग स्ट्रीट डॉग्स को खाना देकर अपना प्यार जताते हैं लेकिन शेल्टर में जाने के बाद उनका ध्यान रखना मुश्किल होगा, क्योंकि वहां ये देखने वाला कोई नहीं होगा कि उन्हें खाना खिलाया गया है या नहीं। इस पोस्ट को शेयर कर सोनाली ने लिखा, "वे सुरक्षा करते हैं, साथ देते हैं और बदले में कुछ नहीं मांगते। इस तरह का एक भी फ़ैसला हमारे जीवन पर नकारात्मक प्रभाव डालता है।"

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के मुताबिक रेलवे स्टेशन, पार्क और बाकी सार्वजनिक जगहों से स्ट्रीट डॉग्स को हटाकर शेल्टर होम में रखा जाना है। कोर्ट के फैसले का विरोध करते हुए पशु प्रेमियों ने फैसले के खिलाफ याचिका डाली थी और 7 नवंबर को कोर्ट ने फैसले में किसी भी तरह का बदलाव करने से इनकार कर दिया था।

सोनाली बेंद्रे पशु अधिकारों और डॉग्स की पेरेंटिंग पर शो होस्ट करती है, जिसका नाम है "द हैप्पी पॉडकास्ट"। एक्ट्रेस के शो पर डॉग्स से प्यार करने वाले कई बड़े चेहरों को देखा जा चुका है। इसके अलावा, उन्हें टीवी रियलिटी शो 'पति-पत्नी और पंगा' में देखा गया था।

# राशी खन्ना ने फरहान अख्तर को बताया शानदार इंसान





**मुंबई**। एक्ट्रेस राशी खन्ना इन दिनों अपनी नई फिल्म '120 बहादुर' को लेकर काफी उत्साहित हैं। फिल्म आज यानी शुक्रवार को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। रिलीज के साथ ही राशी ने न केवल अपने को-स्टार फरहान अख्तर की तारीफ की बल्कि दर्शकों से फिल्म के लिए प्यार भी मांगा। इंस्टाग्राम पर बीटीएस तस्वीरों को पोस्ट करते हुए राशी खन्ना ने को-स्टार और फिल्म निर्माता फरहान अख्तर की जमकर तारीफ की। राशी ने फरहान के साथ एक तस्वीर पोस्ट करते हुए फिल्म में अपने किरदार का जिक्र करते हुए लिखा, "फरहान सर के साथ शगुन शैतान सिंह का रोल करना ऐसा लगा जैसे किसी ऐसी जगह पर कदम रख दिया हो, जहां सब कुछ अच्छा और आसान हो गया हो। उनमें एक शांत, समझदार इंसानियत है, जो आपको सबसे इंटेंस सीन में भी सुरक्षित महसूस कराती है।"

अभिनेत्री ने फरहान का आभार जताते हुए आगे लिखा कि फरहान के साथ बिताए हर पल के लिए वह शुक्रगुजार हैं। साथ ही उन्होंने मजाकिया अंदाज में यह भी जोड़ा कि उन सभी मौकों के लिए भी धन्यवाद, जब फरहान सर ने जरूरत पड़ने पर उन्हें हंसाया। राशी ने दर्शकों से फिल्म देखने की अपील करते हुए कहा, "120 बहादुर हमारी फिल्म अब आपकी है। प्लीज जाइए, अपना प्यार बरसाइए।"

फिल्म की कहानी रेजांग ला की लड़ाई पर आधारित है, जहां 120 भारतीय सैनिकों ने 3,000 चीनी सैनिकों के खिलाफ डटकर मुकाबला किया। यह फिल्म सैनिकों की वीरता और देशभक्ति की भावना को शानदार तरीके से पर्दे पर पेश करती है।

'120 बहादुर' को एक्सेल एंटरटेनमेंट और ट्रिगर हैपी स्टूडियोज ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। रजनीश घई के निर्देशन में बनी फिल्म में राशी खन्ना ने शगुन का किरदार निभाया है, जबकि फरहान अख्तर मेजर शैतान सिंह के रोल में हैं। फरहान अख्तर और राशी खन्ना के अलावा फिल्म में अंकित सिवाच समेत अन्य एक्टर्स महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।

# चोटिल रबाडा दूसरे टेस्ट से बाहर, नहीं खेल सकेंगे सीमित ओवरों की सीरीज

**नई दिल्ली**। दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा पसलियों के खिंचाव के चलते भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच और व्हाइट बॉल सीरीज से बाहर हो गए हैं। सीमर लुंगी एनगिडी को चोटिल रबाडा के कवर के तौर पर पहले ही टीम में शामिल कर लिया गया है। क्रिकेट साउथ अफ्रीका (सीएसए) ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, "प्रोटियाज मेडिकल टीम रबाडा की निगरानी कर रही है। चोट वाले स्थान पर लगातार तकलीफ के कारण, रबाडा को बाकी टूर से हटा दिया गया है। वह दूसरे टेस्ट के खत्म होने पर साउथ अफ्रीका लौटने से पहले प्रोटियाज मेडिकल टीम के साथ अपने चार हफ्तों के रिहैबिलिटेशन प्रोग्राम के शुरुआती फेज को जारी रखेंगे।" कगिसो रबाडा चोटिल होने की वजह से कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के पहले मैच में भी नहीं खेल सके थे। टेस्ट सीरीज से बाहर होने के बाद संभवतः साउथ अफ्रीकी टीम गुवाहाटी में होने वाले दूसरे और निर्णायक मैच में बिना किसी बदलाव के उतर सकती है।



साइमन हार्मर ने कोलकाता टेस्ट में शानदार बल्लेबाजी की थी। उन्होंने मुकाबले में कुल 8 विकेट के साथ 'प्लेयर ऑफ द मैच' खिताब अपने नाम किया था।

इस मुकाबले में लेफ्ट-आर्म सीम-बॉलिंग ऑलराउंडर मार्को जेनसन ने साउथ अफ्रीका के पेस यूनिट को लीड किया था। वहीं, लेफ्ट-आर्म स्पिनर केशव महाराज ने टीम का बखूबी साथ दिया। मेहमान टीम को ऑलराउंडर वियान मुल्डर और कॉर्बिन बॉश का सपोर्ट मिला। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि एनगिडी को गुवाहाटी में मौका मिल सकेगा, या फिर नहीं। साउथ अफ्रीका ने सीरीज के पहले मैच की पहली पारी में 159 रन बनाए थे। इसके जवाब में टीम इंडिया ने पहली पारी में 189 रन बनाकर 30 रन की मामूली बढ़त हासिल की। इसके जवाब में साउथ अफ्रीकी टीम ने दूसरी पारी में महज 153 रन बनाए और भारत को जीत के लिए 124 रन का टारगेट मिला।

# एशेज : स्टार्क के बाद स्टोक्स का 'पंजा', पहले ही दिन गिरे 19 विकेट

**नई दिल्ली**। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज सीरीज 2025-26 की शुरुआत बेहद रोमांचक रही। मुकाबले के पहले ही दिन 19 विकेट गिरे। इंग्लैंड को 172 रन पर समेटने के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम ने महज 123 रन तक अपने 9 विकेट गंवा दिए हैं। फिलहाल मेजबान टीम इंग्लैंड से 49 रन पीछे है। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल स्टार्क ने सात विकेट हासिल किए, जिसके बाद 5 विकेट के साथ इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स ने करारा जवाब दिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम इस तेज पिच पर महज 32.5 ओवरों का ही सामना कर सकी। मेहमान टीम ने पहली पारी में सिर्फ 172 रन बनाए। इस टीम को छठी गेंद पर जैक क्रॉली (0) के रूप में बड़ा झटका लगा। उस समय तक इंग्लैंड का खाता भी नहीं खुल सका था। इसके बाद टीम ने 39 के स्कोर तक अपने 3 विकेट गंवा दिए।

यहां से ओली पोप ने हैरी ब्रूक के साथ चौथे विकेट के लिए 67 गेंदों में 55 रन की पारी खेली। पोप 46 रन बनाकर आउट हुए। ब्रूक ने बेन स्टोक्स के साथ पांचवें विकेट के लिए 21 रन जुटाए, जबकि जेमी स्मिथ के साथ 45 रन की साझेदारी की।



इंग्लैंड की इस पारी में हैरी ब्रूक अर्धशतक लगाने वाले इकलौते बल्लेबाज रहे। उन्होंने 61 गेंदों में 1 छक्के और 5 चौकों के साथ 52 रन की पारी खेली, जबकि जेमी स्मिथ ने टीम के खाते में 33 रन जोड़े।

मेजबान टीम की ओर से मिचेल स्टार्क ने 12.5 ओवरों में 58 रन देकर 7 विकेट हासिल किए, जबकि ब्रेंडन डोगेट ने 2 विकेट अपने नाम किए। शेष एक विकेट कैमरून ग्रीन ने निकाला।

इसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहले दिन की समाप्ति तक 39 ओवरों में 9 विकेट खोकर 123 रन बनाए। इंग्लैंड की तरफ से ऑस्ट्रेलिया ने भी खाता खुलने से पहले ही सलामी बल्लेबाज का विकेट गंवा दिया था।

डेब्यूटेंट जैक वेदरलैंड शून्य पर पवेलियन लौटे। कप्तान स्टीव स्मिथ ने मार्नस लाबुशेन के साथ दूसरे विकेट के लिए 28 रन की साझेदारी की। लाबुशेन महज 9 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

# डेब्यू टेस्ट में ही शर्मनाक रिकॉर्ड, पर्थ टेस्ट कभी भूल नहीं सकेंगे जेक

**पर्थ**। जेक वेदरलैंड को पर्थ में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट डेब्यू का मौका मिला, लेकिन अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय पारी में वेदरलैंड खाता तक नहीं खोल सके। इसी के साथ वेदरलैंड डेब्यू टेस्ट पारी में बतौर ओपनर 'शून्य' पर आउट होने वाले पांचवें ऑस्ट्रेलियाई बन गए। वेदरलैंड अपनी पहली टेस्ट पारी में सिर्फ 2 गेंदों का सामना कर सके। जोफ्रा आर्चर की पहली गेंद पर उन्होंने कोई रन नहीं लिया, जिसके बाद अगली गेंद पर पगबाधा आउट हो गए। बाएं हाथ के बल्लेबाज जैक वेदरलैंड ने अपने करियर में 77 फर्स्ट क्लास मुकाबले खेले हैं, जिसकी 145 पारियों में 37.47 की



औसत के साथ 5,322 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से 13 शतक और 26 अर्धशतक निकले। वहीं, 51 लिस्ट-ए मुकाबले में वेदरलैंड ने 4 शतकों के साथ 1,602 रन अपने नाम किए हैं। 98 टी20 मुकाबलों में यह बल्लेबाज 2,324 रन जुटा चुका है। मुकाबले में टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनते हुए इंग्लैंड की टीम अपनी पहली पारी में 32.5 ओवरों में सिर्फ 172 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड को पारी की छठी गेंद पर जैक क्रॉली के रूप में झटका लगा। उस समय तक टीम का खाता नहीं खुल सका था। आलम ये रहा कि मेहमान टीम ने 39 स्कोर तक अपने 3 विकेट गंवा दिए थे। यहां से ओली पोप ने हैरी ब्रूक के साथ चौथे विकेट के लिए 67 गेंदों में 55 रन की साझेदारी की। ओली पोप 58 गेंदों में 4 चौकों की मदद से 46 रन बनाकर आउट हुए। यहां से ब्रूक ने बेन स्टोक्स के साथ पांचवें विकेट के लिए 21 रन जुटाए, जबकि जेमी स्मिथ के साथ छठे विकेट के लिए 45 रन की साझेदारी की।

# गिल साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से बाहर

**गुवाहाटी**। भारतीय कप्तान शुभमन गिल साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। गिल दूसरे टेस्ट में नहीं खेलेंगे। उनके स्थान पर ऋषभ पंत शनिवार से शुरू होने जा रहे दूसरे टेस्ट में टीम की कमान संभालेंगे। शुभमन गिल कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में बल्लेबाजी के दौरान चोटिल हुए थे। अपनी पारी की तीसरी गेंद पर चौका लगाने के बाद गिल को गर्दन में परेशानी महसूस हुई, जिसके बाद वह रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन वापस लौटे। इसके बाद गिल दोबारा बल्लेबाजी के लिए नहीं आ सके। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर गिल के दूसरे टेस्ट से बाहर होने की जानकारी देते हुए लिखा, "टीम इंडिया के कप्तान शुभमन गिल, जिन्हें साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान गर्दन में चोट लगी थी, गुवाहाटी में होने वाले दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। उनकी गैरमौजूदगी में ऋषभ पंत दूसरे टेस्ट



में टीम की कप्तानी करेंगे।"

पंत ने शुक्रवार को मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "शुभमन मैच खेलने के लिए बेताब थे। उन्होंने तब भी हिम्मत दिखाई, जब उनका शरीर साथ नहीं दे रहा था। हमने फैसला कर लिया है कि शुभमन की जगह प्लेइंग इलेवन में कौन खेलेगा। जो खिलाड़ी मैच खेलेगा, वह जानता है कि वह खेल रहा है।" माना जा रहा है कि कप्तान शुभमन गिल को टीम से छुट्टी दी जा सकती है, ताकि वह आगे की रिकवरी के लिए मुंबई में स्पेशलिस्ट से सलाह ले सकें। ऐसे में गिल साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज से भी बाहर हो सकते हैं, जिसकी शुरुआत 30 नवंबर से होगी। कोलकाता में खेले गए सीरीज के पहले टेस्ट की पहली पारी में साउथ अफ्रीकी टीम 159 रन ही बना सकी थी। इसके जवाब मे टीम इंडिया ने 189 रन बनाकर 30 रन की बढ़त हासिल की।

साउथ अफ्रीकी टीम ने दूसरी पारी में 153 रन बनाकर भारत को जीत के लिए 124 रन का आसान लक्ष्य दिया, लेकिन मेजबान टीम दूसरी पारी में सिर्फ 93 रन पर ढेर हो गई। साउथ अफ्रीका ने 30 रन से यह मुकाबला अपने नाम किया।

पैरा नेशनल स्वीमिंग चैंपियनशिप

# जन्म से दृष्टिहीन, हार नहीं मानी, सूरजभान ने जीते 3 गोल्ड

**सवाई माधोपुर**। राजस्थान स्थित सवाई माधोपुर जिले के मैनपुरा गांव के निवासी सूरजभान मीणा ने पूरे देश में जिले का नाम रोशन किया है। जन्म से दृष्टीहीन होने के बावजूद सूरजभान ने अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ इच्छा शक्ति के दम पर 25वीं पैरा नेशनल स्वीमिंग चैंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए जिले का गौरव बढ़ाया है। बुलंद हौसलों के साथ सूरजभान मीणा ने जयपुर में लंबे समय तक तैराकी का अभ्यास किया और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपनी भागीदारी निभाई। सूरजभान मीणा ने हैदराबाद में आयोजित पैरा नेशनल स्वीमिंग चैंपियनशिप में 50 मीटर, 100 मीटर और 200 मीटर की तैराकी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इन तीनों ही स्पर्धा में सूरजभान ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में जिले का नाम रोशन करने के बाद जब सूरजभान मीणा वापस सवाई माधोपुर पहुंचे, तो कृषि मंत्री किरोड़ी



लाल मीणा ने उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर मंत्री ने उनके साहस की प्रशंसा की।

सूरजभान मीणा ने पदक जीतने पर खुशी जताते हुए कहा, "मैंने हैदराबाद में आयोजित 25वीं पैरा नेशनल स्वीमिंग चैंपियनशिप में 50, 100 और 200 मीटर तैराकी इवेंट में हिस्सा लिया था। मैंने तीनों ही इवेंट में गोल्ड मेडल जीते और शीर्ष पर रहा। मैंने साल 2022 से तैराकी शुरू की थी। मैं जयपुर में प्रैक्टिस करता था। इससे पहले भी मैंने तीन बार नेशनल खेला है।" हैदराबाद में 15 से 18 नवंबर तक चली इस प्रतियोगिता में देशभर से आए पैरा स्विमर्स ने हिस्सा लिया। इस बीच डिंपल वैष्णव का प्रदर्शन भी प्रेरणादायक रहा, जिन्होंने दिव्यांगता को कभी कमजोरी नहीं बनने दिया।

### पुलिस ने सीमा राज्य में बड़ा आतंकी हमला टाल दियाः पुलिस कमिश्नर लुधियाना स्वपन शर्मा

# लुधियाना मुठभेड़ का खुलासाः आईएसआई हैंडलर ने दिए थे ग्रेनेड हमला करने के निर्देश

**अशवनी पाहवा | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

लुधियाना, लधुवाल इलाके में मुठभेड़ के बाद पाक आईएसआई समर्थित बहु-राज्य गैंगस्टर-टेरर मॉड्यूल के भंडाफोड़ के एक दिन बाद, लुधियाना कमिश्नरेट पुलिस ने शुक्रवार को खुलासा किया कि गोलीबारी में घायल दोनों आरोपी पाकिस्तान-स्थित हैंडलर जसवीर उर्फ चौधरी द्वारा विशेष रूप से राज्य में ग्रेनेड हमला करने के लिए भेजे गए ऑपरेटिव हैं। पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने बताया कि घायल आरोपी दीपक उर्फ डीपू और रामलाल, राजस्थान से लुधियाना आए थे और पिछले दो दिनों से यहां रहकर हमले को अंजाम देने की तैयारी कर रहे थे। उन्होंने कहा, यह एक नया और खतरनाक ट्रेंड है, जिसमें पाकिस्तान-स्थित हैंडलर अन्य राज्यों के अपराधियों को पंजाब में आतंकी गतिविधियां करने के लिए भर्ती कर रहे हैं, ताकि वे पहचान से बच सकें।



**आरोपियों के बारे में जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारी।** -समर न्यूज़

जानकारी के अनुसार, इससे पहले लुधियाना कमिश्नरेट पुलिस ने काउंटर इंटेलिजेंस यूनिट के साथ मिलकर तीन आरोपियों फिरोजपुर के शमशेर सिंह, हरियाणा के अजय और बिहार के हर्ष कुमार ओझा को गिरफ्तार कर इस मॉड्यूल का पर्दाफाश किया था। पुलिस ने पांच गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से दो चीनी 86P हैंड ग्रेनेड, पांच उन्नत 30 बोर पिस्टलें और लगभग 40 से ज्यादा जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े इस मॉड्यूल की योजना सरकारी इमारतों और अन्य संवेदनशील स्थानों पर ग्रेनेड फेंककर राज्य में तनाव फैलाने की थी। हाल ही में लुधियाना पुलिस ने पाक आईएसआई समर्थित एक अन्य ग्रेनेड मॉड्यूल का भी भंडाफोड़ किया था, जिसमें 10 ऑपरेटिव गिरफ्तार किए गए थे और एक 86P चीनी ग्रेनेड, एक ब्लैक किट और दस्तानों का सेट बरामद किया गया था।

अंतर-राज्य नेटवर्क के बारे में जानकारी देते हुए सीपी स्वपन शर्मा ने बताया कि मामले में सबसे पहले गिरफ्तार शमशेर सिंह की निशानदेही पर बिहार निवासी हर्ष ओझा को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि पूछताछ में खुलासा हुआ कि ओझा ग्रेनेड फेंकने का विशेषज्ञ है और उसे पंजाब में हमला करने की जिम्मेदारी दी गई थी। वह हाल ही में बिहार में भी विदेशी हैंडलर के कहने पर फायरिंग की घटना में शामिल था। शमशेर के खुलासे के बाद लुधियाना पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बिहार से ओझा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मशेर की ही निशानदेही पर हरियाणा से अजय नामक एक अन्य ऑपरेटिव को गिरफ्तार कर उसके पास से दो पिस्टल बरामद की हैं। सीपी ने बताया कि गिरफ्तार अजय का संबंध हरपाल सिंह उर्फ हैरी के भाई पवन से है, जो लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य है और जिसने हाल ही में मुंबई में सलमान खान के घर पर फायरिंग की थी। मामले की आगे जांच जारी है।

## शहीदी दिवस के बैनर के नीचे पुलिसकर्मी ने किया पेशाब, हंगामा

**समर न्यूज़ | लुधियाना**

समराला चौक पर शुक्रवार दोपहर को एक पुलिसकर्मी ने शहीदी दिवस के बैनर के नीचे पेशाब किया। इस दौरान जब लोगों ने इसका विरोध किया तो उसने उनके साथ हाथापाई शुरू कर दी। इस दौरान लोगों ने इसका वीडियो बनाया और उस पुलिसकर्मी से जब इस विषय पर बात करने की कोशिश की तो उसने वीडियो बनाने वाले व्यक्ति को थपड़ जड़ दिया और मौके से फरार हो गया।

चार बार लोगों ने बड़ी मशक्कत के साथ उसे काबू किया। पुलिस कर्मी से जब बात करने की काशिश की तो ऐसा लग रहा थ कि उसने कोई नशा किया हो। लोगों ने मौके पर पुलिस थाने 7 नंबर को फोन किया गया। और वहां की पुलिस ने आकर उसे गाड़ी में बिठाकर थाने ले गई। अब देखना यह है कि एक आम व्यक्ति के द्वारा पुलिसकर्मी अपने ही पुलिसकर्मी पर कोई कार्रवाई करती है या खानापूर्ती करती है।

## कभी रौनक से भरा रहता था साइकिल बाजार, आज पसरा है सन्नाटाः सिंगला

**साक्षी शर्मा | लुधियाना**
**समर न्यूज़**



लुधियाना के गिल रोड पर स्थित साइकिल मार्केट जहां एक समय पैर रखने तक को जगह नहीं होती थी आज किसी वीरान जगह से कम नहीं है। राजकुमार सिंगला से बात की गई तो उन्होंने इस बात की पुष्टि की कि कभी ये भारत के सबसे बड़ी नटबोल्ट की मोर्कट हुआ करती थी और सभी जगह चहल-पहल होती थी लेबर एक्स्ट्रा होती थी। एक ही इलाके में 200 से ज्यादा दुकानें होती थी। वहीं आज के समय में यहां पर निकलना किसी वीरान जगह से कम नहीं है। उन्होंने बताया कि इसका कारण केंद्र और राज्य सरकार दोनों ही जिम्मेदार हैं। पहले केंद्र सरकार की तरफ से नोटबंदी की गई, फिर सरकार की तरफ से जीएसटी की गई। जिस कारण कोरोबारियों को काफी नुकसान हुआ। केंद्र सरकार की तरफ से जो मनरेगा शुरू किया गया उस वजय से लेबर यहां काम करने को ही तैयार नहीं है। हमने पहले सरकार से ये निवेदन भी किया था कि मनरेगा को इंडस्ट्री के साथ जोड़ा जाए।

## विधायक ने विकास कार्यों का किया उद्घाटन

**समर न्यूज़ | लुधियाना**

हल्का पूर्वी के वार्ड नंबर 19 में विकास कार्यों का उद्घाटन किया गया। इस दौरान विधायक दलजीत सिंह ग्रेवाल ने कहा कि लुधियाना वासियों के टैक्स के सहयोग के साथ आज वार्ड नंबर 19 में 36 लाख रुपए की लागत से पार्क बनाने का उद्घाटन किया गया और यह जल्द ही बनकर इलाका निवासियों को सौंप दिया जाएगा। जहां लोग और बच्चे अपना समय बतीत कर सकें। विधायक ने कहा कि लगभग 20 सालों से यहां की पार्के की ओर किसी अधिकारी ने ध्यान नहीं दिया। विधायक ने कहा कि आज हल्का पूर्वी के हर कोने कोने में विकास कार्य को मुख्य रखकर काम किए जा रहे हैं। यदि इलाका निवासी रात को भी काम करने के लिए हमें याद करते हैं तो भी हम हमेशा हाजिर रहते हैं।



विधायक ग्रेवाल





*लुधियाना में श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहादत शताब्दी को समर्पित राज्य स्तरीय शहीदी नगर कीर्तन गुरुवार शाम शहर में पहुंचा और शुक्रवार सुबह भारी संगत की हाजिरी में आगे रवाना हुआ। शहर के प्रमुख मार्गों पर संगत ने पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया और प्रशासन ने मार्ग-विन्यास व सुरक्षा प्रबंध लागू किए।*


**-लक्की भट्टी**



## श्रीमती ललिता मित्तल के निमित रखे गुरूड़ पुराण के पाठ का भोग, रस्म पगड़ी आज

**दलजीत विक्की/ लुधियाना**
**समर न्यूज़**

वरिष्ठ भाजपा नेता व उद्योगपति एवं श्री विश्वनाथ मंदिर के प्रधान पुरषौत्तम मित्तल की धर्मपत्नी श्रीमती ललिता मित्तल का आकस्मिक निधन 11 नवंबर की रात्रि को हृदय गति रुकने के चलते हो गया था। वे 64 वर्ष की थी। उनका अंतिम संस्कार 12 नवंबर को जमालपुर स्थित शमशान घाट में किया गया था। उनकी आत्मिक शांति के लिए रखे गए श्री गरुड़ पुराण के पाठ का भोग व रस्म पगड़ी दिनांक 22 नवंबर दिन शनिवार को दोपहर 1 बजे से दो बजे तक जमालपुर कालोनी स्थित श्री विश्वनाथ मंदिर सभा,मंदिर मार्ग(मेट्रो रोड) फोकल पॉइंट में संपन्न होगी।



ललिता मित्तल।

## विधायक ने मोहल्ला क्लीनिक का किया उद्घाटन

**गुरप्रीत सिंह| लुधियाना**
**समर न्यूज़**

वार्ड नंबर 44 में विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू ने मोहल्ला क्लीनिक का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि साल 2022 मे हमने लोगों के घर घर जाकर यह वादा किया था कि सेहत और शिक्षा के संबंधी आपके कार्य किए जाएंगे। हमारे कार्यों पर मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने मोहर लगाई और हम आज लोगों के लिए कार्य कर रहे हैं। यदि सरकार सही हो तो नीचे के अधिकारी भी सही तरीके से काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमने पहला ऐसा सीएम देखा कि जो हर समय हर वर्ग के लोगों का ध्यान रखता है। हमें फक्र है कि हम आम आदमी पार्टी के सेवादार हैं।उन्होंने कहा कि आज हजारों की संख्या में पंजाब में मोहल्ला क्लीनिक खोले गए जहां रोजाना लोग इसका लाभ ले सकते हैं। इसके चलते आज वार्ड नंबर 44 में भी मोहल्ला क्लीनिक की शुरूआत की गई।




विधायक सिद्धू

### रायल आइसक्रीम पार्लर में मारपीट, नकद मांगने पर नशे में धुत युवकों ने किया हंगामा

# आइसक्रीम स्टूडियो के कर्मचारी पर बेसबॉल से हमला

**शेखर वर्मा/ लुधियाना**
**समर न्यूज़**

शिंगार सिनेमा रोड पर स्तिथ एक आइसक्रीम पार्लर पर हमले की वीडियो सामने आई है। कुछ लोग दुकान से पानी और सोढे की बोतलें लेते है। पैसे ऑनलाइन देते समय दुकानदार द्वारा उन्हें सर्वर खराब होने की बात कही गई और नकद पैसे देने को कहा। इसी बात से गुस्साए युवकों ने दुकानदार और कर्मचारी से बदतमीजी की। मामला इतना बढ़ गया कि युवकों ने कर्मचारी के साथ मारपीट की और उसके कड़े मारे। दुकान मालिक गौरव के अनुसार उनकी शिंगार सिनेमा रोड पर रायल आइसक्रीम नाम से आइसक्रीम स्टूडियो है। वीरवार की रात कुछ अज्ञात युवक उनकी दुकान पर पानी और सोढे की बोतल खरीदने आए। मैं दुकान पर नहीं था। मेरा कर्मचारी और पिता दुकान पर थे। उन लोगों से जब सामान के पैसे नकदी के रूप में मांगे तो उन लोगों ने मारपीट करनी शुरू कर दी। घटना की सीसीटीवी भी हमारे पास है। घायल कर्मचारी दीपक ने कहा कि जो लोग पानी की बोतल और सोढ़ा मांगने आए थे उन लोगों ने शराब पी हुई थी। उनसे जब पैसे नकदी के रूप में मांगे तो वह गालियां देने लगे। जब गौरव के पिता ने उन्हें कहा कि आप बहसबाजी न करें। पैसे नहीं है तो कोई बात नहीं। इतने में वह लोग कहने लगे कि हमारे पास पैसे नहीं है जो करना है कर लो और उन लोगों ने उसके पिता को धक्का मारा, तभी उन्हें दुकान के नौकर बचाने आये तो उक्त हमलावरों ने उससे मारपीट शुरू कर दी। उन लोगों ने उसके गुप्तांगों पर लात मारी। फिर बेसबाल से हमला किया। मारपीट कर वह लोग फरार हो गए। पीड़ितों ने अस्पताल से मेडिकल करवा मामले की शिकायत थाना डिविजन 3 की पुलिस को दी।



**लुधियाना में शुक्रवार को अधिकतम तापमान लगभग 26 डिग्री और न्यूनतम 9-14 डिग्री के बीच दर्ज अनुमानित रहा, आसमान मुख्यत साफ और हल्की धुंध के साथ रहा... फोटो लक्की**

कबीरा जब हम आये जगत में, जग हंसा हम रोये
ऐसी करनी कर चलें, हम हंसे जग रोये

पाठ का भोग व रस्म पगड़ी



आपको बड़े दुखी हृदय से सूचित किया जाता है कि हमारे आदरणीय

स्वर्गीय श्रीमति ललिता मित्तल (धर्मपत्नी श्री पुरुषोत्तम मित्तल जी)

दिनांक 11 नवंबर 2025, को अपनी सांसारिक यात्रा पूरी करके
प्रभु के श्री चरणों में जा विराजे है।

उनकी आत्मिक शांति के लिए रखे श्री गुरुड़ पुराण के पाठ का भोग एवं रस्म पगड़ी

| दिनांक | दिन शनिवार | स्थान |
| --- | --- | --- |
| 22 नवंबर 2025 | समय दोपहर 1 से 2 बजे तक | श्री विश्वनाथ मंदिर सभा, जमालपुर कॉलोनी, मंदिर मार्ग, फोकल प्वाइंट, लुधियाना |

दुखी हृदय

PURSHOTAM MITTAL (पति)

| | |
| --- | --- |
| SHWETA-ANUJ (बहू-बेटा) | ANJU-SURESH MITTAL (देवरानी-देवर) |
| RUCHIKA-ANKUR (बहू-बेटा) | VIMAL-INDER CHAND (नन्द-नन्दोई) |
| RIYA-ANSHUL (बहू-बेटा) | ANURADHA-ANIL SINGHAL (नन्द-नन्दोई) |
| TARA MANI-BAL CHAND (जेठानी-जेठ) | NISHA-DEEPAK BANSAL (नन्द-नन्दोई) |
| GAYATRI-G.P. Aggarwal (जेठानी-जेठ) | REYANSH, TAARUSH (पोते) |
| SULOCHNA-RAMESH (देवरानी-देवर) | MYSHA, VEDANSHI (पोतीयां) |

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 77